हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 19 मई 2025

तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 25.3 डिग्री

11 ऑनलाइन सुविधा, फिर भी कम नहीं हो रही ओपीडी...



12 सस्ती दवा दुकानों का टार्गेट पूरा पर डाक्टर अभी...



# दुर्ग से रायपुर आने खारुन ब्रिज पर आज से एक माह के लिए सिंगल लेन, ट्रैफिक जाम से बढ़ेगी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्ग से रायपुर के बीच खारुन नदी ब्रिज का सोमवार से सुधार कार्य लोक निर्माण विभाग के सेतू निगम द्वारा किया जाएगा। इसके चलते डबल लेन की जगह सिंगल लेन से आवाजाही होगी। ऐसे में इस मार्ग पर गाड़ियों की लंबी कतारें लगनी तय हैं। जाम की स्थिति भी निर्मित होगी। दुर्ग से रायपुर आने वाली साइड में आधी रात 2 बजे से तड़के 4 बजे तक आवाजाही पूरी तरह रोक दी जाएगी।

हरिभूमि सरोकार

ब्रिज रिपेयरिंग के लिए 1 से 20 जून तक 24 घंटे ब्रिज के ऊपर एक्सपांशन ज्वाइंट चेंज (डामर उखाड़कर) बीसी वर्क एवं रेलिंग बदलने का कार्य किया जाएगा। सुधार कार्य के लिए इस अवधि में दुर्ग से रायपुर आवागमन के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह बाधित होगी। यातायात के वैकल्पिक संचालन के लिए मरम्मत कार्य वाले ब्रिज को डिवाइडर लगाकर दो लेन में बांटा जाएगा। एक लेन में मरम्मत कार्य चलेगा और डिवाइडर की दूसरी ओर सिंगल लेन में ट्रैफिक चलता रहेगा। इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहले से ही यातायात का अत्यधिक दबाव है, ऐसे में मरम्मत कार्य के दौरान मार्ग की चौड़ाई सिंगल लेन होने के कारण ब्रिज से लेकर कुम्हारी तक जाम की स्थिति निर्मित हो सकती है। इससे बचने के लिए दुर्ग से रायपुर आने वाले वाहन चालक वैकल्पिक मार्ग के तौर पर इस रूट पर आवाजाही कर सकते हैं।



### रात 2 से तड़के 4 बजे तक आवाजाही पूरी तरह से बंद

- भिलाई सेक्टर एरिया से उतई, सेलूद, दौर, घुघुवा, औरी, मोतीपुर, अम्लेश्वर के रास्ते रायपुर पहुंच सकते हैं।
- पुरानी भिलाई चौक (सिरसा गेट) से ग्राम सिरसा, औरी, मोतीपुर, अम्लेश्वर होते हुए रायपुर पहुंच सकते हैं।
- रायल खालसा से रायपुर आने वाले उरला, परसदा, अम्लेश्वर के रास्ते रायपुर पहुंच सकते हैं।


कुम्हारी ब्रिज एक माह के लिए होगा बंद, एक साइड से ही होगा आना-जाना, मतलब जाम

16 मई को प्रकाशित खबर।

## खबर संक्षेप



### फिट इंडिया मूवमेंट का साइकिल मैराथन

**रायपुर।** सीजीएसटी ने रविवार को फिट इंडिया मूवमेंट के सहयोग से साइकल मैराथन का आयोजन किया। आयोजन का शुभारंभ सीजीएसटी के प्रधान आयुक्त पराग बोरकर ने हरी झंडी दिखाकर किया। साइकिल मैराथन में विभाग के अधिकारी सेंट्रल जीएसटी भवन टिकरापारा से लेकर गांधी उद्यान, सिविल लाइंस तक साइकिल चलाते हुए पहुंचे। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन गांधी उद्यान में किया गया। इस दौरान साइकिल मैराथन में भाग ले रहे सभी अधिकारियों के अलावा उद्योग व्यापार जगत के प्रतिनिधि, कर सलाहकार संगठनों के प्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

### मोबाइल शौचालय के प्रबंधक ने की अमानत में खयानत

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक मोबाइल शौचालय कंपनी के सीनियर मैनेजर ने अपने यहां के एक प्रबंधक के खिलाफ 20 लाख रुपए गबन करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एमएस भूटानी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के सीनियर मैनेजर रमेश कुमार ने उत्तरप्रदेश, मेरठ निवासी संदीप कुमार के खिलाफ गबन करने की शिकायत दर्ज कराई है। रमेश ने पुलिस को बताया कि रमेश कंपनी के बैंक में जमा 15 लाख के साथ कैश पांच लाख रुपए कंपनी को बताए बगैर लेकर फरार हो गया।




### पैदल जा रहे युवक को बाइक ने ठोका, मौत

**रायपुर।** पैदल जा रहे युवक को बाइक ने ठोकर मार दी। घायल युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक उत्तरप्रदेश प्रयागराज का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार एक्सीडेंट में दीपक मिश्रा की मौत हुई है। दीपक शुक्रवार को जोरा के पास पैदल जा रहा था। इसी दौरान बाइक सीजी 04 क्यूई 1193 के चालक ने लापरवाही से तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए दीपक को पीछे से ठोकर मार दी। बाइक की ठोकर लगने से दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिनकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

### गाली-गलौज करने पर बुजुर्ग के साथ मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक 76 साल के बुजुर्ग ने दो लड़कों के खिलाफ गाली-गलौज करने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामलाल धनगर ने टीकू यादव तथा शुभम यादव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रामलाल ने पुलिस को बताया कि दोनों लड़के गाली-गलौज कर रहे थे, उसने गाली-गलौज करने से मना किया तो लड़कों ने उसके साथ मारपीट की।



ईओडब्ल्यू में 36 अफसरों के खिलाफ दर्ज है अपराध

# दो हजार करोड़ का शराब घोटाला, 21 अफसरों के खिलाफ मिली अभियोजन की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

### आबकारी उपायुक्त, सहायक उपायुक्त, जिला आबकारी अधिकारी के खिलाफ भी मिली है अभियोजन की स्वीकृति

दो हजार करोड़ से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में 21 आबकारी अफसरों के खिलाफ ईओडब्ल्यू, एसीबी को शासन से अभियोजन की स्वीकृति मिल गई है। ईओडब्ल्यू ने अपने एफआईआर में 36 आबकारी अफसरों के ऊपर घोटाले में शामिल होने का उल्लेख किया है। इसी आधार पर ईओडब्ल्यू ने शासन से उन अफसरों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति के लिए शासन को पत्र लिखा था। ईओडब्ल्यू के पत्र के आधार पर शासन ने अभियोजन स्वीकृति प्रदान की है।

हरिभूमि फॉलोअप

जिन अफसरों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मिली है, उनमें अलग-अलग जिलों में पदस्थ तत्कालीन आबकारी उपायुक्त, सहायक आबकारी उपायुक्त, जिला आबकारी अधिकारी तथा कुछ एडीओ स्तर के अधिकारियों के नाम शामिल है। अभियोजन स्वीकृति मिलने के बाद आने वाले दिनों में दागी अफसरों पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है। ईओडब्ल्यू के अफसरों ने पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से लंबी पूछताछ के आधार पर आबकारी विभाग जाकर पड़ताल करने के बाद आबकारी अफसरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।


शराब घोटाले में फिर एक्टिव ईओडब्ल्यू, पांच जिलों के 13 ठिकानों में दबिश, दस्तावेज और नकदी जप्त

### कई दौर की पूछताछ

ईओडब्ल्यू के अफसरों को जिन आबकारी अधिकारियों के खिलाफ अपराध दर्ज की है, आबकारी अफसर उन लोगों से पूर्व में कई दौर की पूछताछ कर चुकी है। जिन अफसरों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मिली है, उन अफसरों के नामों को ईओडब्ल्यू ने फिलहाल खुलासा नहीं किया है।

### और भी हो सकती हैं गिरफ्तारियां

शनिवार को छापे की कार्रवाई के बाद ईओडब्ल्यू के अफसर पूछताछ के आधार पर और लोगों को गिरफ्तार कर सकते हैं। जिन लोगों पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है, ईओडब्ल्यू के अफसर उन्हें पहले पूछताछ के लिए तलब करेंगे। पूछताछ में संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं मिलने पर उनको गिरफ्तार किया जाएगा।

### आबकारी अमले का एक बड़ा वर्ग था सिंडिकेट का हिस्सा

जिन 21 आबकारी अफसरों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मिलने की बात सामने आई है, सीधे तौर पर उनके सिंडिकेट से जुड़े होने की बात सामने आई है। दागी अफसरों के सिंडिकेट से जुड़े होने के सबूत मिलने के बाद ईओडब्ल्यू ने उन लोगों के खिलाफ एफआईआर में नाम दर्ज कर शासन से अभियोजन स्वीतृति देने की मांग की थी।


### वर्ष 2019 के बाद खरीदी प्रॉपर्टी के दस्तावेज जब्त

ईओडब्ल्यू ने शनिवार को जिन 13 लोगों के ठिकानों में छापे की कार्रवाई की है, उन लोगों द्वारा वर्ष 2019 के बाद जो प्रॉपर्टी खरीदी है, उनके दस्तावेज जब्त कर जांच के लिए अपने कब्जे में ले लिया है। कवासी लखमा के करीबी कांग्रेसी नेता जी. नागेश के अनुसार, उन्होंने अपने पुराने प्रॉपर्टी बेचकर जो नई प्रापर्टी खरीदी थी, उसके दस्तावेज ईओडब्ल्यू के अफसर जब्त कर अपने साथ ले गए हैं।

### छापे की कार्रवाई के बाद पूछताछ तेज

शराब घोटाला मामले में शनिवार को छापे की कार्रवाई के बाद ईओडब्ल्यू के अफसरों ने एक बार फिर से पूछताछ का सिलसिला तेज कर दिया है। रविवार को अवकाश होने के बाद ईओडब्ल्यू के अफसरों ने कई लोगों को नोटिस जारी कर पूछताछ करने कार्यालय तलब किया। जिन लोगों को पूछताछ के लिए तलब किया गया, उन लोगों का कवासी लखमा के साथ संबंध के साथ कारोबारी संबंध को लेकर अफसरों ने उनसे सवाल जवाब किए।

# 48 घंटे में बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हो जाएगा मानसून



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस बार मानसून के समय से पहले पहुंचने की संभावनाओं के बीच मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में दक्षिण-पूर्व मानसून के बंगाल की खाड़ी में सक्रिय होने की उम्मीद जताई है। मौसम विभाग द्वारा जारी सूचना के मुताबिक, दक्षिण-पूर्व मानसून दक्षिण अरब सागर, मालदीप और कोमोरिन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान द्वीप के शेष हिस्से, अंडमान सागर और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में अगले एक-दो दिनों में सक्रिय हो सकता है।

- कल से बढ़ जाएगी वर्षा संबंधित गतिविधियां, तापमान में विशेष परिवर्तन फिलहान नहीं
- तड़के हुई बारिश ने 5 डिग्री घटाया राजधानी का तापमान

इसके अतिरिक्त एक द्रोणिका मध्य पंजाब से उत्तर बांग्लादेश तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका पश्चिमी विदर्भ से उत्तर अंदरूनी कर्नाटक तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। द्रोणिका और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में बदली-बारिश की स्थिति निर्मित हो रही है। 20 मई से वर्षा संबंधित गतिविधियों में वृद्धि की संभावना है।

### सूर्योदय से पूर्व एक सेमी बारिश

बारिश संबंधित गतिविधियों में वृद्धि के साथ ही अंधड़ और वज्रपात की चेतावनी भी मौसम विभाग ने जारी की है। सोमवार को प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इस दौरान अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी आशंका है। रायपुर में भी आज आकाश आंशिक मेघमय रहेगा। देर शाम गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इसके पूर्व रविवार तड़के रायपुर में हुई बारिश ने मौसम ठंडा कर दिया। एक सेमी बारिश रायपुर में दर्ज की गई है। राजिम, बिलासपुर, गोबरा नवापारा में 3 सेमी, बोदरी, सकरी, भैसमा, कवर्धा, तिल्दा, बेरला, धमधा व जगदलपुर में 2 सेमी तथा कोटा, लाभांडीह और माना में एक सेमी बारिश हुई।

### 38.6 डिग्री के साथ दुर्ग सर्वाधिक गर्म

सुबह हुई बारिश ने रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 5.1 डिग्री कम 37 डिग्री पर पहुंचा दिया। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2.9 डिग्री कम 25.3 डिग्री दर्ज हुआ। सर्वाधिक तापमान दुर्ग में 38.6 डिग्री दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान 20 डिग्री पेंड्रा में दर्ज हुआ। आने वाले तीन दिनों तक तापमान में अधिक बदलाव नहीं होगा। प्रदेश में अधिकतम तापमान में हल्के उतार-चढ़ाव के साथ कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। अप्रैल माह में निर्मित हुई प्रचंड गर्मी जैसी स्थित पुनः बनने की संभावना नहीं है।

# नशे के सौदागरों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई, दर्जनभर दबोचे गए





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

### आरोपियों में पांच ओडिशा के गांजा तस्कर अवैध कारोबार में तीन महिलाएं भी लिप्त

राजधानी में बढ़ते अपराध तथा मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री पर अंकुश लगाने एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर चार थाना क्षेत्र की पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए पांच लाख रुपए से ज्यादा कीमत का गांजा, कोकीन तथा शराब जब्त कर दर्जनभर लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। इस दौरान पुलिस ने साढ़े चार सौ लीटर देशी शराब, सात ग्राम कोकीन तथा 40 किलो गांजा जब्त किया है।

खमतराई पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए एक महिला के कब्जे से 16 लीटर देशी शराब जब्त की। वहीं दूसरे मामले में ओडिशा कालाहांडी के पांच गांजा तस्कर वासुदेव महानंद, राज तांडी, रमेश तांडी, देवा महानंद तथा कपिलाश गौड़ को गिरफ्तार कर उनसे गांजा जब्त किया है। पुलिस के ▶▶| शेष पेज 11 पर



- चार थाना क्षेत्रों में पांच लाख रुपए से ज्यादा का गांजा, कोकीन और शराब जब्त

### कार में घूम-घूमकर बेच रहे थे कोकीन

राजेंद्र नगर पुलिस ने कार में घूम-घूमकर कॉलेज स्टूडेंट तथा क्लब, होटल की पार्टी में खपाने की फिराक में कोकीन लेकर घूम रहे शुभांक पॉल, सागर पीटर तथा सिद्धार्थ पाण्डेय को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कोकीन की पुड़िया जब्त की है। पुलिस ने गिरफ्तार युवकों से बेची गई कोकीन की रकम भी बरामद की है।

### घर में स्टोर कर बेच रहे थे शराब

मंदिर हसौद पुलिस ने घर में अवैध रूप से स्टोर कर रखी 237 पौवा शराब जब्त की है। घर से लोगों तक शराब पहुंचाने के आरोप में पुलिस ने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश दीपक रात्रे तथा उसके भाई भगवान दास तथा महिला शैला रात्रे उर्फ छैला को गिरफ्तार किया है।

# सराफा कारोबारी की पत्नी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

### मायके वालों ने तंत्र-मंत्र के जरिए मारने का लगाया आरोप

राजधानी में एक सराफा कारोबारी की पत्नी ने रविवार को अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके बेटे की मौत पांच दिन पूर्व 13 मई को फूड प्वाइजनिंग की वजह से हो गई थी। फूड प्वाइजनिंग की अब तक कोई रिपोर्ट नहीं आई है। कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मृतका के दो बेटे थे, जिनमें से एक, 12 साल के छोटे बेटे की मौत हुई है। पुलिस के अनुसार, प्रवाल सोनी की पत्नी सोना सोनी (42) ने ▶▶| शेष पेज 11 पर

### दो दिन पूर्व तांत्रिक को पैसे देने का आरोप

सोना के भाई बिलासपुर जिले के तखतपुर निवासी डॉ. गौरव के अनुसार, उसकी बहन की जहां मौत होना बताया जा रहा है, वह जगह काफी ऊंचाई पर है, वहां बगैर सीढ़ी के ऊपर नहीं चढ़ा जा सकता। घटनास्थल के पास धूल की मोटी परत जमी हुई है। वहां किसी तरह के निशान नहीं मिलने को लेकर भी परिजनों ने हत्या कर शव लटकाने की आशंका ▶▶| शेष पेज 11 पर



- मौके पर पुलिस को मिला सुसाइड नोट, जिसमें लिखा है 'बेटे के पास जाना है'

### एक दिन पूर्व लौटे थे मायके वाले

सोना के मायके पक्ष के लोग उदय की मृत्यु पर शोक कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर आए थे और शनिवार रात को वापस तखतपुर लौटे थे। परिजनों के अनुसार, उस दौरान सोना पूरी तरह से सामान्य थी। घर पहुंचने के बाद उन्हें सुबह अपनी बेटी की मौत की जानकारी मिली, इसके बाद आनन-फानन में सोना के मायके वाले रायपुर आए। मौत के बाद उसका शरीर नीला पड़ ▶▶| शेष पेज 11 पर

# होटल में देह व्यापार, पुलिस की दबिश, आधा दर्जन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गंज थाना क्षेत्र के होटल गगन ग्रैंड तथा आदित्य गेस्ट हाउस में पुलिस ने दबिश देकर ओडिशा तथा कोलकाता से आईं पांच युवतियों को देह व्यापार करने के आरोप में पकड़ा है। देह व्यापार कराने के आरोप में गेस्ट हाउस तथा होटल मैनेजर, संचालक सहित आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। स्टेशन रोड स्थित कई होटल तथा गेस्ट हाउस में देह व्यापार होने की लगातार शिकायतें सामने आ रही थीं। पुलिस ने देह व्यापार पर रोक लगाने इन दोनों जगहों पर पाइंटर भेज कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपियों में दो महिलाएं शामिल हैं।

देह व्यापार कराने के आरोप में पुलिस ने आदित्य गेस्ट हाउस की



- दो होटल मैनेजर, संचालक भी पकड़े गए

मैनेजर रेवती साहू तथा सुब्रत सेठी, नीलांबर बाग, निशामणि बेहरा, मनोज कुमार वैष्णव, तेजेश्वर कुमार डडसेना को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गेस्ट हाउस तथा होटल संचालक आपस में मिलकर देह व्यापार का कारोबार संचालित करते थे। पुलिस ने जिस पाइंटर को गेस्ट हाउस में भेजा था। गेस्ट हाउस के ▶▶| शेष पेज 11 पर

# युवक की बाइक और मोबाइल लूटकर भागे बदमाश

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक युवक ने कार सवार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मोबाइल तथा बाइक लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संतोषी नगर निवासी शुभम कुमार जैन ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। शुभम ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त का जन्मदिन मनाने तेलीबांधा गया था। इसके बाद वह अपने अन्य दोस्तों को छोड़ने पंडरी जा रहा था। इस दौरान लोधीपारा के पास अज्ञात कार सवार बदमाश शुभम की बाइक रोककर उसके मोबाइल लूट लिए और शुभम को उसी की बाइक में पीछे बैठाकर अपने साथ चलने के लिए विवश किया। इस दौरान शुभम चलती बाइक से कूदकर भाग गया। बदमाश शुभम की बाइक, मोबाइल लेकर फरार हो गए।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### शारदा शिक्षण समिति की बैठक में नवीन आचार्यों का चयन

**तरपोंगी।** शारदा शिक्षण समिति द्वारा संचालित सशिम तरपोंगी में समिति के पदाधिकारियों का बैठक रखा गया था। इस बैठक में ग्राम भारती जिला रायपुर के अध्यक्ष पुनाराम वर्मा, कोषाध्यक्ष डोमार वर्मा, समिति के अध्यक्ष गजेंद्र वर्मा, सहसचिव मेघा वर्मा, कोषाध्यक्ष तुलसी राम वर्मा समिति के सदस्य शिव कुमार हनुमंता, विद्यालय के प्रधानाचार्य तुलसी वर्मा वरिष्ठ संध्या महानंदे शामिल थे। इस बैठक में तीन नवीन आचार्यों का चयन किया गया।

### सुशासन शिविर में नहीं हो रहा जनता की समस्याओं का समाधानः छाया वर्मा

**तिल्दा नेवरा।** पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ने सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविरों को ढकोसला बताते हुए इसे तत्काल बंद करने की मांग की है।



उन्होंने कहा कि शिविरों में ग्रामीणों से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी नजर आते हैं और समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा। छाया वर्मा ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार करीब 4000 स्कूल बंद कर रही है, जबकि गांव-गांव में अवैध शराब बिक्री पर कोई रोक नहीं लग पा रही। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारण ही सड़क दुर्घटनाएं और आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन सरकार सिर्फ दिखावा कर रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि असली सुशासन तभी होगा जब अधिकारी-कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों की वास्तविक समस्याएं दूर करें।

### बैकुंठ मे बिक रही ओवररेट पर शराब

**सिलयारी।** बैकुंठ में संचालित शासकीय शराब दुकानों में ओवररेटिंग का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मदिरा प्रेमियों का आरोप है कि दुकानों में सेल्समैन निर्धारित मूल्य (एमआरपी) से अधिक राशि लेकर शराब बेच रहे हैं। ग्राहक जब अपनी पसंद की ब्रांड, विशेष रूप से गोवा का पौवा मांगते हैं, तो उन्हें या तो शराब उपलब्ध न होने का बहाना बनाया जाता है या फिर 10–20 रुपये अतिरिक्त देने की बात कही जाती है। ग्राहकों का कहना है कि यदि कोई इसका विरोध करता है, तो सेल्समैन दुर्व्यवहार पर उतर आते हैं और उन्हें शराब न होने की बात कहकर टाल दिया जाता है। यह स्थिति तब है जब राज्य की भाजपा सरकार शराब की कीमतों में कमी की बात कर रही है। इसके बावजूद दुकानों पर खुलेआम अधिक मूल्य वसूला जा रहा है।ग्राहकों का आरोप है कि आबकारी विभाग के अधिकारियों और शराब दुकान के कर्मचारियों के बीच मिलीभगत है, जिस कारण इस प्रकार की मनमानी पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कई बार शिकायत के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

### भैंसथान में नाली पर बने 6 अवैध पाटे तोड़े गए

**रायपुर।** विगत दिनों शहर के जोन 7 क्षेत्र अंतर्गत तात्यापारा वार्ड के भैंसथान में दुकानों के सामने नाली पर कब्जा कर लगाए गए 6 पाटों को तोड़ने की कार्रवाई की गई। इन पाटों के कारण नाली की सफाई नहीं हो पा रही थी। पाटे तोड़ने के बाद नाली की सफाई कराई गई। यह कार्रवाई जोन क्षेत्र के उप अभियंता रुचिका मिश्रा की उपस्थिति में की गई।

### पीएम आवास के तहत बांटे गए 20 फ्लैट

**रायपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मठपुरैना में 20 परिवारों को फ्लैट आबंटित किए गए। ये फ्लैट कांशीराम नगर में रहने वाले परिवारों को दिया गया है। कांशीराम नगर के फ्लैट जर्जर हो चुके हैं, जिसके कारण यहां रहने वाले परिवारों को मठपुरैना में बने फ्लैट आबंटित किए जा रहे हैं। मठपुरैना में 275 फ्लैट बांटे जाने है, जिसकी शुरुआत 20 फ्लैट के आबंटन से की गई है।

## गौरवगाथा : देश की सुरक्षा के लिए सेना विरता का दिया परिचय

# सेना के शौर्य व पराक्रम को किया सलाम और निकाली शानदार तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग

देश की सुरक्षा में नागरिकों की सहभागिता के संकल्प के साथ सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा 78 फीट तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा यात्रा तिरंगा झंडा स्थल इंदिरा चौक आरंग से विधायक भवन तक थी। यह तिरंगा न केवल राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूती देगा बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा में नागरिकों की सहभागिता का प्रभावशाली उदाहरण है। सब एकजुट होकर देश की सुरक्षा और एकता का परिचय दिए। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से यह संदेश गांव-गांव तक पहुंचेगी। इस कार्यक्रम मे



मुख्य रूप से गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग विधानसभा, श्याम कुमार नारंग जिला अध्यक्ष भाजपा रायपुर ग्रामीण, ध्रुव कुमार मिर्धा अध्यक्ष चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड छत्तीसगढ़, डॉ. संदीप जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग, सहित समस्त आरंग तथा क्षेत्र के नागरिक जन प्रतिनिधिगण, पार्षदगण, भाजपा आरंग मंडल के कार्यकर्तागण के साथ सृजन सोनकर विद्या मंदिर के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विधायक खुशवंत साहेब ने कहा यह यात्रा न केवल तिरंगे के प्रति सम्मान है बल्कि यह हमारे शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि भी है। यह अभियान देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को सशक्त बनाने का प्रतीक है। यह तिरंगा यात्रा पूरे जिले में आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना का संचार करना है। भारत एक है और राष्ट्रहित में सभी नागरिक एकजुट है।



### तिरंगा यात्रा में दिखा जन-जन का राष्ट्रप्रेम

ग्राम पंचायत गुखेरा में देश की सुरक्षा के लिए नागरिकों की सहभागिता के संकल्प के साथ तिरंगा यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत भवन से किया गया। इस अवसर पर सरपंच रेवती पुरुषोत्तम सोनवानी ने कहा कि विगत दिनों जिस प्रकार से भारतीय सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम से आतंकी देश के हमलों का मुंह तोड़ जवाब दिया और ऑपरेशन सिंदूर अभियान को सफल किया। वह हम सबके लिए गर्व की बात है और यह तिरंगा रैली भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसिक निर्णय एवं भारतीय सेना के साहसी कारनामों को सम्मान देने के लिए निकाली जा रही है, ताकि विश्व स्तर पर यह संदेश जाए कि हमारी राष्ट्रीय एकता और अखंडता बेमिसाल है तथा भारत के वीर जवानों के रहते हम सब सुरक्षित हैं। इस अवसर पर अन्य पंचगण भी अपने संबोधन में राष्ट्रध्वज तिरंगे को सर्वश्रेष्ठ बताते हुवे अमर शहीदों को याद किया, तथा तिरंगा रैली में जय जवान जय किसान, भारतीय सेना जिंदाबाद, हम सेना के साथ है जैसे देशभक्ति नारे लगाए। इस रैली में माताओं, बहनों, युवाओं, बड़े बुजुर्गों एवं जनप्रतिनिधिगण, उपसरपंच बुगला घासी कुर्रे, पंचगण सनत बघेल, डेविड ढीढी, पार्वती रेखराज देवांगन, दसरु कुर्रे, परशु रात्रे, रोहित बघेल, गोवर्धन मेहर, दीनदयाल कुर्रे, कुशाल देवांगन, पप्पू ढीढी, कृष्ण कुर्रे, बिरेंद्र आदिल एवं ग्रामवासियों की अच्छी खासी उपस्थिति रही।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर समोदा में तिरंगा यात्रा

पहलगाम आतंकी हमला के जवाब मे भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाकर जिस तरह से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने हेतु आतंकियों पर वज्र बनकर प्रहार किया, जिससे पूरी दुनिया ने भारतीय सेना का लोहा माना और देशवासियों ने अपनी सेना के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु तिरंगा यात्रा के रूप मे रैली निकालकर सेना के पराक्रम और साहस को नमन किया। नगर पंचायत समोदा मे नगरवासियो द्वारा कार्यालय भवन से शासकीय नवीन प्राथमिक शाला तक रैली निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा कार्यक्रम मे विधायक गुरु खुशवंत साहेब विधानसभा आरंग, छोटेलाल सोनकर अध्यक्ष नगर पंचायत समोदा, मंजूला मिश्रा मुख्य नगर पलिका अधिकारी नगर पंचायत समोदा, अंगेश्वर देवांगन उपाध्यक्ष एवं समस्त पार्षदगण नगर पंचायत समोदा, श्यामकुमार नारंग जिला अध्यक्ष ग्रामीण भाजपा, देवकुमार साहू मंडल अध्यक्ष समोदा एवं गणमान्य नागरिकों तथा नगर पंचायत के समस्त अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति मे यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।



## शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन



**आरंग।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ एवं जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर के आदेश के में आईसीटी योजना अंतर्गत अरुंधती देवी शास.उ.मा.वि. आरंग शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजन किया गया है, जो कि 16 से 24 मई तक 4बैच में आयोजित किया जाएगा। आईसीटी योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को ब्लैक बोर्ड शिक्षा के साथ-साथ डिजिटल माध्यम जैसे कम्प्यूटर एवं प्रोजेक्टर के द्वारा आधुनिक तकनीक का उपयोग कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया जाना है। मास्टर ट्रेनर कमलेश कुमार साहू द्वारा शिक्षकों को डिजिटल क्लासरूम का संचालन जैसे लैपटॉप, प्रोजेक्टर, स्पीकर आदि का कनेक्शन कर उपकरणों को चालू एवं बंद करना, यूपीएस एवं बैटरी के रखरखाव में रखे जाने वाली सावधानियां, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) के माध्यम से शिक्षक आईडी बनाना, उपलब्ध कोर्स मैटेरियल को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाना एवं नवीन पाठ्य सामग्री जोड़ने संबंधी जानकारी दिया गया। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन संस्था के प्राचार्य हरीश कुमार शर्मा एवं उपप्राचार्य लोकेश्वर साहू के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

### रायपुर एयरपोर्ट में पायलट और बैज का किया स्वागत

**रायपुर।** जांजगीर-चांपा में संविधान बचाओ यात्रा में शामिल होने पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पीसीसी छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट तथा पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज का नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने रविवार को रायपुर एयरपोर्ट पर सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। श्री पायलट संविधान बचाओ यात्रा में शामिल होने रायपुर पहुंचे हैं।

## हेमकुमार बने नया रायपुर सरपंच संघ के अध्यक्ष

**आरंग।** अटल नगर नया रायपुर के चान्दनी चौक में शनिवार को नया रायपुर क्षेत्र के 41 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने ग्राम पंचायतों की सफल संचालन हेतु सरपंच संघ का गठन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए नया रायपुर क्षेत्र के सक्रिय जनप्रतिनिधि और ग्राम पंचायत पलौद के सरपंच हेमकुमार मार्कण्डे को सर्वसम्मति से नया रायपुर सरपंच संघ का अध्यक्ष चुना गया है।



उनके नेतृत्व में ग्रामीण विकास, जनकल्याण और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को गति देने की उम्मीद की जा रही है। चुनाव के दौरान सभी ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने मार्कण्डे के समर्पण और नेतृत्व क्षमता को ध्यान में रखते हुए उन्हें अध्यक्ष पद के लिए समर्थन दिया। अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष प्रेमिन चन्द्रविजय मार्कण्डेय सरपंच रीको, सचिव राजेश्वरी कैलाश आडिल सरपंच नवागांव (खुटेरी), कोषाध्यक्ष भोजराम यादव सरपंच छतौना, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम बन्दे सरपंच बरौदा, सहसचिव हेमा तुला राम सरपंच उपरवारा, संरक्षक सन्तोषी ललित यादव सरपंच कोटाराभाठा, सकुन सियाराम सरपंच कायाबांधा (झांझ) एवम मुख्य सलाहकार रिद्धि संजय बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत पचेड़ा शामिल है। अध्यक्ष बनने के तुरंत बाद श्री मार्कण्डे ने संघ की प्राथमिकताएं स्पष्ट करते हुए कहा, हमारा मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सशक्त करना, पंचायतों में पारदर्शिता लाना और शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना रहेगा।



## वाहन की ठोकर से कार क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे यात्री

**तिल्दा नेवरा।** रविवार दोपहर बाद बैकुंठ मोड़ के पहले एक माजदा वाहन ने कार को जोरदार ठोकर मार दी जिससे कार में सवार दो लोग बल बाल बचे वही कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार क्रमांक सीजी 12डी9213 में रायपुर से अनुराग गोडवानी अपने परिवार की महिला के साथ मुड़पार हथबंद जा रहे थे बैकुंठ मोड़ के पहले तिल्दा की तरफ से खरोरा की ओर जा रही एक माजदा वाहन कार को जोरदार ठोकर मार दी अनुराग और महिला को मामूली चोट आई है वहीं कार बुरी क्षतिग्रस्त हो गया। मिली जानकारी अनुसार घटना स्थल पर 112 की टीम पहुंची थी। पुलिस उक्त माजदा वाहन की पता साजी में जुटी है।

## आश्रम में कौशल्या साय का भव्य स्वागत धाम के विकास कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तिल्दा नेवरा

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थ श्री पाटेश्वर आश्रम में मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या साय पहुंचीं। उन्होंने धाम में आकर पूजा अर्चना किया। उनके साथ साध्वी प्रज्ञा भारती का भी आगमन हुआ। संत श्रीराम बालक दास से उन्होंने आशीर्वाद लिया। पूज्य राजयोगी बाबा के समाधि का पूजन किया और मां कौशल्या धाम के नवनिर्मित मन्दिर में जाकर भगवान शिव का पूजन किया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए कौशल्या साय ने कहा कि मां कौशल्या धाम के निर्माण हमारे मां के मंदिर का निर्माण है ऐसा समझकर संपूर्ण बालोद जिला एवं छत्तीसगढ़ और देश के लोगों को यहां अपना योगदान करना चाहिए। संत श्रीराम बालक दास के द्वारा किए गए, कार्यों की सराहना करते उन्होंने कहा कि संतश्री ने



अपने ही नहीं, बल्कि अपने मातृभूमि के नाम को भी अमर किया है। अब हमारी बारी है क्योंकि 2026 में मां कौशल्या की विश्व में प्रथम प्रतिमा का यहां स्थापना होना है, अतः हम सबको भी अपने नाम को अमर करना चाहिए और योगदान देना चाहिए। पाटेश्वर धाम परिक्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की उन्होंने समीक्षा की और कहा कि जितने भी निर्माण कार्य अधूरे हैं उन सब को जल्दी ही पूर्ण किया जाएगा। साथ ही जून में मुख्यमंत्री के साथ पुनः मां कौशल्या धाम आने का उन्होंने सूचना दिया। तत्पश्चात गौशाला में जाकर पूजन किया और संत श्रीराम बालक दास ने सम्मान पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर संत श्री राम बालक दास ने कहा कि कौशल्या साय का पाटेश्वर धाम आना इस बात का संकेत है कि वर्तमान छत्तीसगढ़ शासन संतों के प्रति संवेदनशील है।

## चाणक्य के किरदार ने बदला जीवन जीने का नजरिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

संस्कार भारती छत्तीसगढ़ और संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन की ओर से तीन दिवसीय रंग संस्कार महोत्सव के अंतिम दिन रंगकर्मी एवं बॉलीवुड अभिनेता मनोज जोशी ने शिरकत की। महोत्सव के अंतिम दिन कार्यक्रम की अध्यक्षता की। नाटक मंचन के पूर्व रायपुर प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान उन्होंने अपने रंगमंच एवं फिल्मी सफर के अनुभव साझा किए। श्री जोशी ने बताया कि मराठी नाटक में अभिनय से थिएटर जगत में



शुरुआत की, जिसके बाद गुजराती, हिंदी के अनेक नाटकों में शामिल होने का मौका मिला। अब तक चाणक्य के किरदार में सबसे प्रभावशाली अभिनय किया है, जिससे जीवन जीने का नजरिया बदला।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में मिनी कूलर एवं घड़ा उपलब्ध कराने की मांग

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से प्रत्येक आदमी बेहाल और परेशान है, वहीं दूसरी ओर आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को न ही ठंडा पानी मिल रहा है और न ठंडी हवा मिल पा रही है।



किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र में विभाग द्वारा वाटर कूलर और ठंडा पेयजल के लिए व्यवस्था नहीं की गई है। इसे देखते हुए समाजिक कार्यकर्ता सुरेश कुमार दीवान ने कलेक्टर जनदर्शन में इस संबंध में आवेदन देकर जल्द से जल्द आंगनबाड़ी केंद्रों में मिनी कूलर के साथ घड़ा उपलब्ध कराने की मांग की है।

## स्काईवॉक का निर्माण शहर की जरूरत : शुक्ला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शिवसेना के प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार के कार्यकाल में 2016-17 में शहर के मध्य स्काईवॉक का निर्माण कार्य तत्कालीन पीडब्ल्यूडी मंत्री राजेश मूणत द्वारा शुरू कराया गया था, जिसका कई बार प्रेजेंटेशन भी कांग्रेस विधायकों के सामने हुआ। स्काईवॉक की उपयोगिता की डिटेल रिपोर्ट भी आई, इसी बीच सत्ता परिवर्तन के साथ ही कांग्रेस ने इस अति आवश्यक स्काईवॉक को कबाड़ बना दिया। श्री शुक्ला ने आगे कहा कि अब फिर प्रदेश में भाजपा की सरकार है और विधायक श्री मूणत के प्रयास से पुनः स्काईवॉक का कार्य प्रारंभ किया गया है। छत्तीसगढ़ शिवसेना ने इसका स्वागत किया है।

## शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने की मांग ग्रामीणों ने की



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा ब्लॉक के ग्राम छपोरा के ग्रामीण नेवरा थाना पहुंचे और गांव में हो रही अवैध शराब बिक्री के खिलाफ थाना में ज्ञापन दिए। गांव के सरपंच गजानंद वर्मा सहित ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जमकर अवैध शराब बिक्री हो रही है। कोचिया पद्धति गांव में चल रहा है, और जगह-जगह अवैध शराब बेची जा रही है जिसके चलते गांव का माहौल काफी खराब हो गया है जिसे बंद कराने की मांग को लेकर थाना पहुंचे हैं और ज्ञापन दे रहे हैं। तिल्दा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर अवैध शराब बिक्री हो रही है। वहीं खरोरा क्षेत्र में भी जमकर अवैध शराब बिक्री की जा रही, सुबह से देर रात तक बड़ी आसानी से गांव में अवैध शराब की बिक्री हो रहा है।

■ मिरानिया परिवार से मिले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट

## पायलट ने कहा- क्या अमेरिका ने सुरक्षा की गारंटी दी? संसद सत्र बुलाकर स्पष्ट करे केंद्र सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट रविवार को रायपुर पहुंचे। यहां उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कारोबारी दिनेश मिरानिया के परिवार से मिले। परिजनों से मुलाकात के बाद सचिन पायलट ने केंद्र सरकार से कई गंभीर सवाल पूछे।

उन्होंने कहा, सीजफायर की घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति कर रहे हैं। हमारा मुद्दा आतंकवाद है, लेकिन जानबूझकर कश्मीर के इशू को चर्चा में लाया गया जिसका मुझे खेद है। अमेरिका के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री ने जब भी चर्चा की आतंकवाद की बात नहीं की। आज आतंकवाद पर चर्चा नहीं हो रही है आज कश्मीर और व्यापार पर चर्चा हो रही है। अब समय आ गया कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे



पर हैं, इस दौरान रायपुर पहुंचते ही सचिन पायलट सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले में मृतक दिनेश मीरानिया के निवास पहुंचे। सचिन पायलट के साथ पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम भी मौजूद रहे। सभी ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और आतंकी घटना को लेकर चर्चा की। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट दिनेश मिरानिया के परिजनों से मिलने के बाद संवाददाताओं से चर्चा में कहा, भविष्य में इस तरह की घटना को अंजाम देने वाली ताकतें हमेशा के लिए समाप्त हो हम चाहते हैं।

### सेना के शौर्य पर पूरा भरोसा

उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले तक भारत की तुलना चीन से होने लगी थी मगर अब भारत-पाकिस्तान होने लगा है जो उचित नहीं है।हमें पाकिस्तान पर भरोसा नहीं है क्या? अमेरिका ने आश्वासन दिया है कि पाकिस्तान दुबारा ऐसी हरकत नहीं करेगा, इस पर चर्चा होना चाहिए। भारत ने पाकिस्तान के कितने विमान गिराए राहुल गांधी का ये सवाल सेना के शौर्य पर सवाल पर सचिन पायलट ने कहा, भारतीय सेना और हमारे डीएमओ ने जो जानकारी दी उस पर हमें भरोसा है। आतंकवाद के खिलाफ टेरर फंडिंग को रोकने के लिए आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को रद्द करने के लिए जो करना चाहिए करना चाहिए। हम सरकार के साथ है।

### संविधान बचाओ रैली में होंगे शामिल

उल्लेखनीय है कि सोमवार को जांजगीर-चांपा जिले में छत्तीसगढ़ कांग्रेस संविधान बचाओ यात्रा निकालने वाली है जिसमें प्रभारी सचिन पायलट शामिल होंगे। यात्रा के माध्यम से केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग सहित कानून व्यवस्था के मुद्दे को आम जनता तक पहुंचाने की कोशिश की जाएगी। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट शाम को विमानतल पहुंचे। उनके स्वागत के लिए कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम, सुबोध हरितवाल, अमरजीत छाबड़ा सहित कई कांग्रेसी माना विमानतल पहुंचे थे।

## जिला अस्पताल पंडरी में आईआरएडी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



जिला अस्पताल पंडरी में इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस (आईआरएडी) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन राज्य रोलआउट मैनेजर सारांश शिर्के द्वारा किया गया। प्रतिभागियों को पोर्टल की उपयोगिता, दुर्घटनाओं से संबंधित डेटा की एंट्री, रिपोर्टिंग प्रक्रिया, और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की विस्तृत जानकारी दी। जिले की डिस्ट्रिक्ट रोलआउट मैनेजर अर्चना राजपूत द्वारा लाइव एक्सीडेंट की एंट्री कैसे की जाए—इसकी व्यावहारिक जानकारी दी गई। उन्होंने वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से उपस्थित स्टाफ को पोर्टल पर त्वरित और सटीक डेटा एंट्री की प्रक्रिया समझाई। अंत में सिविल सर्जन डॉ. संतोष भंडारी ने सभी उपस्थित प्रशिक्षकों और स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आईआरएडी प्रणाली सड़क सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**खबर संक्षेप**



## रायपुर एयरपोर्ट में पायलट और बैज का किया स्वागत

**रायपुर।** जांजगीर-चांपा में संविधान बचाओ यात्रा में शामिल होने पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पीसीसी छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट तथा पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज का नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने रविवार को रायपुर एयरपोर्ट पर सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। श्री पायलट संविधान बचाओ यात्रा में शामिल होने रायपुर पहुंचे हैं।

## स्काईवॉक का निर्माण शहर की जरूरत : शुक्ला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शिवसेना के प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार के कार्यकाल में 2016-17 में शहर के मध्य स्काईवॉक का निर्माण कार्य तत्कालीन पीडब्ल्यूडी मंत्री राजेश मूणत द्वारा शुरू कराया गया था, जिसका कई बार प्रेजेंटेशन भी कांग्रेस विधायकों के सामने हुआ। स्काईवॉक की उपयोगिता की डिटेल रिपोर्ट भी आई, इसी बीच सत्ता परिवर्तन के साथ ही कांग्रेस ने इस अति आवश्यक स्काईवॉक को कबाड़ बना दिया। श्री शुक्ला ने आगे कहा कि अब फिर प्रदेश में भाजपा की सरकार है और विधायक श्री मूणत के प्रयास से पुनः स्काईवॉक का कार्य प्रारंभ किया गया है। छत्तीसगढ़ शिवसेना ने इसका स्वागत किया है। इसका निर्माण पूरा होने के बाद शास्त्री चौक से जेल रोड, जयस्तंभ चौक, तहसील कार्यालय, कमिश्नर कार्यालय तक ऊपर से ही पैदल आ-जा सकेंगे, जिसे ट्रैफिक भी सुगम हो सकेगा।

## भैंसथान में नाली पर बने 6 अवैध पाटे तोड़े गए



**रायपुर।** विगत दिनों शहर के जोन 7 क्षेत्र अंतर्गत तात्यापारा वार्ड के भैंसथान में दुकानों के सामने नाली पर कब्जा कर लगाए गए 6 पाटों को तोड़ने की कार्रवाई की गई। इन पाटों के कारण नाली की सफाई नहीं हो पा रही थी। पाटे तोड़ने के बाद नाली की सफाई कराई गई। यह कार्रवाई जोन क्षेत्र के उप अभियंता रुचिका मिश्रा की उपस्थिति में की गई।

## पीएम आवास के तहत बांटे गए 20 फ्लैट



**रायपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मठपुरैना में 20 परिवारों को फ्लैट आबंटित किए गए। ये फ्लैट कांशीराम नगर में रहने वाले परिवारों को दिया गया है। कांशीराम नगर के फ्लैट जर्जर हो चुके हैं, जिसके कारण यहां रहने वाले परिवारों को मठपुरैना में बने फ्लैट आबंटित किए जा रहे हैं। मठपुरैना में 275 फ्लैट बांटे जाने है, जिसकी शुरूआत 20 फ्लैट के आबंटन से की गई है। आबंटन के दौरान वार्ड पार्षद महेश ध्रुव, जोन 3 कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा अंशुल शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## तिल्दा के ग्राम सांकरा में लगा समाधान शिविर

**रायपुर।** सुशासन तिहार के तीसरे और अंतिम चरण में समाधान शिविर तिल्दा के ग्राम सांकरा में अयोजित किया गया। इस शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन संस्कार और गोदभराई संस्कार का आयोजन किया गया। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा इस शिविर में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों को खीर खिलाई तथा परिवहन विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में तत्काल लर्निंग लाइसेंस बनाकर ग्रामीणों को सौंपा।

# पोस्टपैड बिजली कनेक्शन को प्रीपैड करने प्रदेश सरकार से मंजूरी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को अब आने वाले समय में मोबाइल की तरह मीटर रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। अब तक 18 लाख मीटर लग चुके हैं। इस साल से ही पोस्टपैड कनेक्शन प्रीपैड करने की तैयारी है। ऐसा हो गया तो छत्तीसगढ़ बिजली के कनेक्शन को प्रीपैड करने वाला देश का तीसरा राज्य हो जाएगा।

हरिभूमि सरोकार

इस समय बिहार और असम में रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलती है। अब छत्तीसगढ़ में भी ऐसा होने वाला है, इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को प्रदेश सरकार से मंजूरी का ही इंतजार है। सरकार की मंजूरी मिलने की देर है, कनेक्शन प्रीपैड कर दिए जाएंगे। केंद्र सरकार की स्मार्ट मीटर योजना में अब प्रदेश के सभी वर्ग के बिजली उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों को बदला जा रहा है। करीब एक साल से स्मार्ट मीटर लगाने का काम हो रहा है। प्रदेश में करीब 60 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। अब तक 18 लाख स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। इसमें करीब एक लाख मीटर थ्री फेज कनेक्शन वाले हैं। थ्री फेज कनेक्शन के 6 लाख मीटर लगेंगे। मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। जहां रायपुर संभाग में मीटर लगाने का काम टाटा कंपनी कर रही है, वहीं बाकी स्थानों पर जीनस कंपनी मीटर लगा रही है।

### छत्तीसगढ़ बिजली कनेक्शन प्रीपैड करने वाला बनेगा देश का तीसरा राज्य

### पोस्टपैड कनेक्शन होंगे बंद

स्मार्ट मीटर लगने के साथ ही एलटी वर्ग के सभी उपभोक्ताओं के अब तक चल रहे पोस्टपैड कनेक्शन समाप्त हो जाएंगे। इनके स्थान पर सभी कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे, लेकिन अभी जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगे हैं, उनके ही कनेक्शन प्रीपैड होंगे। जैसे-जैसे उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाएंगे, सबके कनेक्शन प्रीपैड होते चले जाएंगे। जिनके भी मीटर प्रीपैड होंगे, उनको बिजली का उपयोग करने से पहले मोबाइल की तरह ही रीचार्ज कराना होगा, तभी बिजली मिलेगी।



### मिलेगा बिजली बिल हॉफ का फायदा

उपभोक्ताओं के कनेक्शन भले प्रीपैड हो जाएंगे, लेकिन घरेलू वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार की योजना के मुताबिक 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना का फायदा मिलेगा। 400 यूनिट तक की खपत में पैसे आधे लगेंगे। इसके लिए सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। इसी के साथ बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है तो उनको 30 यूनिट तक पैसे नहीं लगेंगे, लेकिन इसके बाद की खपत के लिए रीचार्च कराना होगा। रोज की खपत के हिसाब से पैसे कटेंगे।

### अलग-अलग कीमत के होंगे रीचार्ज कूपन

पॉवर कंपनी ने जिन कंपनियों को मीटर लगाने का काम दिया है, वही कंपनी रीचार्ज कूपन भी प्रकाशित करेगी। इसी के साथ मोबाइल की तरह डिजिटल रीचार्ज की भी सुविधा मिलेगी। उपभोक्ता को अपनी खपत के हिसाब से रीचार्ज करना होगा। जिनको लगेगा कि उनकी खपत एक माह में पांच सौ होती है तो वे उतने का रीचार्ज करा सकेंगे। जिनकी खपत ज्यादा होगी, वे ज्यादा का रीचार्ज करा सकेंगे। उपभोक्ता चाहेंगे तो एक से ज्यादा माह के लिए भी रीचार्ज करा सकेंगे, ताकि उनकी बिजली कट होने का खतरा न रहे। रीचार्ज समाप्त होने के पहले मोबाइल की तरह ही पंजीकृत मोबाइल नंबर पर मैसेज आएगा। अगर रात में किसी उपभोक्ता का रीचार्ज समाप्त होगा तो तत्काल बिजली कट नहीं होगी, उनको रीचार्ज कराने का मौका मिलेगा।

## केंद्र से मिलने हैं 1254 करोड़, मिले 503 करोड़, अटके 751 करोड़

# सरकारी विभागों ने नहीं चुकाया बकाया बिजली बिल तो केंद्र से लगेगा झटका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेशभर के सरकारी विभागों पर करीब 25 सौ करोड़ का बिजली बिल बकाया है। इसमें से सबसे ज्यादा करीब डेढ़ हजार करोड़ का बकाया तो अकेले नगरीय निकाय विभाग पर है। हमेशा ही नगरीय निकाय विभाग पर ही ज्यादा बकाया रहता है। प्रदेश के ज्यादातर नगरीय निकाय बिजली बिलों का भुगतान करते ही नहीं हैं।

खास खबर

इनके कनेक्शन स्ट्रीट लाइट और पानी के ज्यादा रहते हैं, ऐसे में कभी इनके कनेक्शन भी कट नहीं होते हैं, क्योंकि ये आम जनता से जुड़ी सुविधाओं वाले कनेक्शन रहते हैं, लेकिन सरकारी विभागों का बकाया अब पॉवर कंपनी को बड़ा झटका देने वाला है। अगर बकाया का भुगतान नहीं किया गया तो केंद्र सरकार की योजनाओं से मिली मदद ऋण में बदल जाएगी। इसकी पूरी जानकारी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को देते हुए रिटायर पॉवर इंजीनियर-अधिकारी संघ ने सरकारी बकाया भुगतान करने का आग्रह किया है, ताकि पॉवर कंपनी पर भार न पड़े। पॉवर कंपनी पर भार पड़ा तो इसकी भरपाई अंततः उपभोक्ताओं को ही करनी पड़ेगी।

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की 3560 करोड़ की अलग-अलग योजनाओं को केंद्र सरकार से आरडीएसएस योजना के तहत मंजूरी मिली हुई है। इन योजनाओं में केंद्र सरकार से 60 फीसदी अनुदान मिलना है। पॉवर कंपनी ने अब तक 3119 करोड़ की योजनाओं पर काम प्रारंभ किया है। इसके लिए केंद्र सरकार से 1871 करोड़ की मदद मिलेगी। पहली किस्त के रूप में इसके लिए 503 करोड़ मिल गए हैं। पॉवर कंपनी ने 2090 करोड़ का काम पूरा कर दिया है। ऐसे में केंद्र सरकार से इनके लिए 1254 करोड़ मिलने हैं। इसमें से 503 करोड़ मिले हैं। अभी 751 करोड़ मिलने बाकी हैं।

### केंद्र सरकार का अनुदान ऋण में बदल सकता है

### इसलिए अटके 751 करोड़ रुपए

रिटायर पॉवर इंजीनियर-अधिकारी संघ के अध्यक्ष पीएन सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जानकारी दी है कि केंद्र सरकार से मिलने वाली 751 करोड़ की राशि इसलिए अटक गई है, क्योंकि केंद्र सरकार का नियम है कि सरकारी विभागों पर बिजली की खपत का कोई भुगतान बकाया नहीं होना चाहिए। अगर सरकारी विभागों पर भुगतान बकाया है तो केंद्र सरकार से मिलने वाली 60 फीसदी की राशि ऋण में बदल जाएगी और इसका भुगतान पॉवर कंपनी को करना होगा।



### सरकारी विभागों पर बकाया की स्थिति

सरकारी विभागों पर बकाया लगातार बढ़ता ही जा रहा है। वर्तमान में करीब ढाई हजार करोड़ बकाया है। बीते साल अगस्त में यह बकाया 1988 करोड़ था, जो बढ़ते-बढ़ते मार्च 2025 में 2444.91 करोड़ हो गया है। अब यह बकाया अगर सरकारी विभागों ने नहीं चुकाया तो तय है कि केंद्र सरकार से आरडीएसएस योजना में मिलने वाली 60 फीसदी की मदद ऋण में बदल जाएगी। ऐसे में इसकी भरपाई करने के लिए पॉवर कंपनी को उपभोक्ताओं का टैरिफ बढ़ाना पड़ेगा।

# गर्मी के साथ बढ़ गई पानी की मांग प्रतिदिन 300 एमएलडी की खपत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



- फिल्टर प्लांट से सामान्य दिनों में 270 एमएलडी पानी की आपूर्ति
- गर्मी बढ़ते ही शहरवासी गटक रहे 30 एमएलडी अतिरिक्त पानी

गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में पानी की मांग बढ़ गई है। इस समय रोजाना 300 एमएलडी पानी की आपूर्ति फिल्टर प्लांट से हो रही है, जो सामान्य दिनों में फिल्टर प्लांट से आपूर्ति होने वाले पानी की मात्रा से 30 एमएलडी ज्यादा है। यही नहीं, गंगरेल डेम से शहर के लिए छोड़े जाने वाले पानी मात्रा को भी 15 से 20 फीसदी बढ़ा दिया गया है।

गर्मी में पानी की डिमांड को देखते हुए नगर निगम के फिल्टर प्लांट से अब पहले की तुलना में 30 एमएलडी अतिरिक्त पानी की आपूर्ति की जा रही है। नगर निगम का जल विभाग शहर की 43 नई, पुरानी पानी टंकियों से शहरवासियों को पीने का शुद्ध पानी नलों के माध्यम से पहुंचा रहा है। सामान्य दिनों में औसतन 270 एमएलडी पानी की खपत नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डो में होती रही है। पर मई माह में गर्मी तेज होने पर पानी की खपत बढ़कर 300 एमएलडी तक पहुंच गयी।

### 30 एमएलडी अतिरिक्त पानी की आपूर्ति

फिल्टर प्लांट से शहरवासियों को 20 एमएलडी अतिरिक्त पानी की आपूर्ति की जा रही है। सामान्य दिनों में 270 एमएलडी पानी की आपूर्ति की जाती है, जबकि गर्मी बढ़ते ही 300 एमएलडी पानी की सप्लाई दे रहे हैं।

**- नरसिंग फरेन्द्र,** प्रभारी अधिकारी, फिल्टर प्लांट, ननि रायपुर

### गंगरेल में 3.5 टीएमसी पानी शहर के लिए सुरक्षित

राजधानी रायपुर के 14 लाख की आबादी को बारहों महीना भरपूर पेयजल उपलब्ध कराने गंगरेल डेम में शहर के लिए हर साल 3.5 टीएमसी पानी सुरक्षित रखा जाता है। नगर निगम के जल विभाग ने जल संसाधन विभाग के साथ शहरवासियों के पानी की डिमांड को ध्यान में रखते हुए 15 साल का एग्रीमेंट वर्ष 2015 में किया था। इसके मुताबिक गंगरेल डेम में शहर के लिए 3.15 टीएमसी रॉ वाटर प्रतिवर्ष के हिसाब से रिजर्व रखा जाता है। शहर के विस्तार को देखते हुए 2030 में होने वाले नए एग्रीमेंट में गंगरेल डेम से 4 टीएमसी पानी प्रति वर्ष सुरक्षित रखने की डिमांड की जायेगी। यानी 2030 में पानी की डिमांड करीबन 1 टीएमसी बढ़ने की संभावना है।

# चाणक्य के किरदार ने बदला जीवन जीने का नजरिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



- रंगकर्मी एवं बॉलीवुड अभिनेता मनोज जोशी ने प्रेसवार्ता में साझा किया अपना फिल्मी सफर

संस्कार भारती छत्तीसगढ़ और संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन की ओर से तीन दिवसीय रंग संस्कार महोत्सव के अंतिम दिन रंगकर्मी एवं बॉलीवुड अभिनेता मनोज जोशी ने शिरकत की। महोत्सव के अंतिम दिन कार्यक्रम की अध्यक्षता की। नाटक मंचन के पूर्व रायपुर प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान उन्होंने अपने रंगमंच एवं फिल्मी सफर के अनुभव साझा किए। श्री जोशी ने बताया कि मराठी नाटक में अभिनय से थिएटर जगत में शुरुआत की, जिसके बाद गुजराती, हिंदी के अनेक नाटकों में शामिल होने का मौका मिला। अब तक चाणक्य के किरदार में सबसे प्रभावशाली अभिनय किया है, जिससे जीवन जीने का नजरिया बदला।

### युवा कलाकारों को कड़ी मेहनत की जरूरत

प्रेसवार्ता में श्री जोशी ने छत्तीसगढ़ के युवा कलाकारों को कड़ी मेहनत करने का सुझाव देते हुए कहा कि अभिनय के क्षेत्र में आगे निरंतर कार्य करने के इच्छुक युवा मेहनत करते रहे। उनका अटूट विश्वास और लक्ष्य को हासिल करने का व्रत ही उन्हें कामयाबी की सीढ़ी तक पहुंचाएगा। जीवन परिचय में कहा कि वेद शास्त्र से संपन्न परिवार में जन्म हुआ, मेरे पिता कीर्तनकार थे, जिन्हें धार्मिक, कला, वेद, पुराण, गीता, भागवत कथा, गायन, वादन, अभिनय जैसी अनेक कलाओं का संपूर्ण ज्ञान था। कक्षा 7वीं से ही श्री जोशी ने अभिनय करने का लक्ष्य निर्धारित किया, पिता के आदर्श से ही अभिनय का कला ज्ञान मिला है। इस मौके पर संस्कार भारती से योगेश अग्रवाल ने कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में मिनी कूलर एवं घड़ा उपलब्ध कराने की मांग




**रायपुर।** राजधानी रायपुर में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से प्रत्येक आदमी बेहाल और परेशान है, वहीं दूसरी ओर आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को न ही ठंडा पानी मिल रहा है और न ठंडी हवा मिल पा रही है। किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र में विभाग द्वारा वाटर कूलर और ठंडा पेयजल के लिए व्यवस्था नहीं की गई है। इसे देखते हुए समाजिक कार्यकर्ता सुरेश कुमार दीवान ने कलेक्टर जनदर्शन में इस संबंध में आवेदन देकर जल्द से जल्द आंगनबाड़ी केंद्रों में मिनी कूलर के साथ घड़ा उपलब्ध कराने की मांग की है।

### सभापति राठौर ने नाला सफाई का किया निरीक्षण

**रायपुर।** नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने बुधवार को जोन 2 क्षेत्र के मौदहापारा में महाबीर गौशाला के सामने नाला सफाई का निरीक्षण जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे और कार्यपालन अभियंत पीडी धृतलहरे की उपस्थिति में किया। इसी तरह मौदहापारा पुलिस थाना के समीप नाला, शहीद स्मारक भवन के पास नाला सफाई का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर बारिश पूर्व नाला सफाई पूरा करवाने निर्देश दिए। सभापति ने जयस्तंभ चौक के पास नाला चेंबर की सफाई करवाई।

# ठाकरे परिसर में मंत्रियों का सहयोग केंद्र छह माह से बंद

- कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के लोगों के साथ आते थे समस्याएं लेकर, हो जाता था निदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश के मंत्रियों का सहयोग केंद्र बीते छह माह से ज्यादा समय से बंद है। ऐसे में इस सहयोग केंद्र के माध्यम से अपने क्षेत्र के लोगों को समस्या के निराकरण के लिए लाने वाले कार्यकर्ता निराश हैं। इस सहयोग केंद्र के माध्यम से मंत्रियों के विभागों की समस्या लेकर प्रदेशभर के कार्यकर्ता आते थे और उनकी ज्यादातर समस्याओं का निराकरण हो जाता था। सप्ताह में पांच दिनों तक अलग-अलग मंत्री समय के हिसाब से बैठते थे।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद यह तय किया गया कि प्रदेश के मंत्री भी भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं से लगातार मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। साथ ही यह भी तय किया गया कि कार्यकर्ता अपने साथ अपने क्षेत्र के लोगों को भी लाकर मंत्रियों के सामने समस्याएं और अपनी मांगें रख सकते हैं। इसके लिए तय किया गया कि प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम के साथ सभी मंत्री बारी-बारी से सोमवार से लेकर शुक्रवार तक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बैठेंगे और समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करेंगे।



### सहयोग केंद्र फिर से प्रारंभ होने का इंतजार

भाजपा के जानकारों का कहना है कि बीते साल सहयोग केंद्र में मंत्रियों का लगातार बैठना हो रहा था, लेकिन सितंबर से भाजपा के सदस्यता अभियान, संगठन चुनाव और फिर बाद में नगरीय निकाय चुनाव में सबके व्यस्त होने के कारण लंबे समय से मंत्रियों का सहयोग केंद्र में आना बंद हो गया है। अब तो नगरीय निकाय चुनाव निपटे भी दो माह से ज्यादा समय हो गया है, लेकिन इसके बाद भी सहयोग केंद्र के प्रारंभ न होने के कार्यकर्ता निराश हैं। कार्यकर्ता इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि कब सहयोग केंद्र प्रारंभ हो तो वे अपने क्षेत्र के लोगों के साथ समस्याएं लेकर विभागीय मंत्रियों तक जा सकें। वैसे जिन कार्यकर्ताओं की पहुंच मंत्रियों के बंगलों तक है, वे तो सीधे वहां पहुंचकर भी अपनी समस्याओं का निराकरण करा लेते हैं, लेकिन सभी कार्यकर्ताओं की पहुंच मंत्रियों के बंगले तक नहीं है। ऐसे में इन कार्यकर्ताओं को सहयोग केंद्र का ही सहारा है।

# पायलट ने कहा- क्या अमेरिका ने सुरक्षा की गारंटी दी? संसद सत्र बुलाकर स्पष्ट करे केंद्र सरकार

- मिरानिया परिवार से मिले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट रविवार को रायपुर पहुंचे। यहां उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कारोबारी दिनेश मिरानिया के परिवार से मिले। परिजनों से मुलाकात के बाद सचिन पायलट ने केंद्र सरकार से कई गंभीर सवाल पूछे।

उन्होंने कहा, सीजफायर की घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति कर रहे हैं। हमारा मुद्दा आतंकवाद है, लेकिन जानबूझकर कश्मीर के इशू को चर्चा में लाया गया जिसका मुझे खेद है। अमेरिका के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री ने जब भी चर्चा की आतंकवाद की बात नहीं की। आज आतंकवाद पर चर्चा नहीं हो रही है आज कश्मीर और व्यापार पर चर्चा हो रही है। अब समय आ गया कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं, इस दौरान रायपुर पहुंचते ही सचिन पायलट सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले में मृतक दिनेश मीरानिया के निवास पहुंचे। सचिन पायलट के साथ पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम भी मौजूद रहे। सभी ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और आतंकी घटना को लेकर चर्चा की। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट दिनेश मिरानिया के परिजनों से मिलने के बाद संवाददाताओं से चर्चा में कहा, भविष्य में इस तरह की घटना को अंजाम देने वाली ताकतें हमेशा के लिए समाप्त हो हम चाहते हैं।



### सेना के शौर्य पर पूरा भरोसा

उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले तक भारत की तुलना चीन से होने लगी थी मगर अब भारत-पाकिस्तान होने लगा है जो उचित नहीं है।हमें पाकिस्तान पर भरोसा नहीं है क्या? अमेरिका ने आश्वासन दिया है कि पाकिस्तान दुबारा ऐसी हरकत नहीं करेगा, इस पर चर्चा होना चाहिए। भारत ने पाकिस्तान के कितने विमान गिराए राहुल गांधी का ये सवाल सेना के शौर्य पर सवाल पर सचिन पायलट ने कहा, भारतीय सेना और हमारे डीएमओ ने जो जानकारी दी उस पर हमें भरोसा है। आतंकवाद के खिलाफ टेरर फंडिंग को रोकने के लिए आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को रद्द करने के लिए जो करना चाहिए करना चाहिए। हम सरकार के साथ है।

### संविधान बचाओ रैली में होंगे शामिल

उल्लेखनीय है कि सोमवार को जांजगीर-चांपा जिले में छत्तीसगढ़ कांग्रेस संविधान बचाओ यात्रा निकालने वाली है जिसमें प्रभारी सचिन पायलट शामिल होंगे। यात्रा के माध्यम से केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग सहित कानून व्यवस्था के मुद्दे को आम जनता तक पहुंचाने की कोशिश की जाएगी। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट शाम को विमानतल पहुंचे। उनके स्वागत के लिए कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम, सुबोध हरितवाल, अमरजीत छाबड़ा सहित कई कांग्रेसी माना विमानतल पहुंचे थे।

# जिला अस्पताल पंडरी में आईआरएडी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



जिला अस्पताल पंडरी में इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस (आईआरएडी) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन राज्य रोलआउट मैनेजर सारांश शिर्के द्वारा किया गया। प्रतिभागियों को पोर्टल की उपयोगिता, दुर्घटनाओं से संबंधित डेटा की एंट्री, रिपोर्टिंग प्रक्रिया, और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की विस्तृत जानकारी दी। जिले की डिस्ट्रिक्ट रोलआउट मैनेजर अर्चना राजपूत द्वारा लाइव एक्सीडेंट की एंट्री कैसे की जाए—इसकी व्यावहारिक जानकारी दी गई। उन्होंने वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से उपस्थित स्टाफ को पोर्टल पर त्वरित और सटीक डेटा एंट्री की प्रक्रिया समझाई। अंत में सिविल सर्जन डॉ. संतोष भंडारी ने सभी उपस्थित प्रशिक्षकों और स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आईआरएडी प्रणाली सड़क सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# जून में प्रारंभ होंगे आवेदन, कॉलेजों ने खोला मोर्चा, लेकिन केंद्रीकृत आवेदन केवल विवि में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत 16 जून से होगी। इसके पूर्व महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। पं.रविशंकर शुक्ल विवि सहित प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालय इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस बार प्रवेश प्रणाली में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। पुरानी पद्धति पर ही दाखिले होंगे। इसके अंतर्गत महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए भी विश्वविद्यालय के पोर्टल में ही आवेदन करना होगा। विश्वविद्यालय आवेदनों की स्क्रूटनी कर महाविद्यालयों को प्रेषित करेगा। इसके पश्चात महाविद्यालय मेरिट आधार पर प्रवेश सूची तैयार करेंगे।

- पुरानी पद्धति पर ही होंगे दाखिले, मेरिट आधार पर कॉलेजों को सौंपी जाएगी सूची

छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट में जाकर अपने प्राथमिकता के आधार पर महाविद्यालयों का चयन कर सकेंगे। उन्हें अलग-अलग महाविद्यालयों में जाकर आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। छात्र द्वारा जिन महाविद्यालयों का चयन किया जाएगा, उन कॉलेजों को उक्त छात्रों के नाम प्रेषित कर दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय द्वारा सौंपी गई इस सूची के आधार पर ही कॉलेज अपनी मेरिट लिस्ट तैयार करेंगे। छात्रों को निर्धारित अवधि में प्रवेश लेना होगा। इसके बाद अगले चरण की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

## उच्च शिक्षा विभाग के आदेश पश्चात शुरू होगी दाखिले की प्रक्रिया

### बनाए गए हेल्प डेस्क

माध्यमिक शिक्षा मंडल के साथ-साथ सीबीएसई द्वारा भी बारहवीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा की जा चुकी है। निजी महाविद्यालयों द्वारा संस्थान में हेल्प डेस्क निर्मित किए गए हैं। यहां छात्रों को महाविद्यालय में संचालित होने वाले पाठ्यक्रम के साथ-साथ फीस, स्कॉलरशिप सहित अन्य जानकारियां भी प्रदान की जा रही हैं। हालांकि इस तरह की व्यवस्थाएं सिर्फ निजी महाविद्यालयों में ही की गई हैं। शासकीय महाविद्यालयों में इस तरह की कोई व्यवस्था फिलहाल नहीं है। निजी महाविद्यालयों ने अपने स्तर पर प्रचार भी प्रारंभ कर दिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों द्वारा पोर्टल अपडेट कर लिए गए हैं। आदेश जारी होने के बाद इन्हें खोला जाएगा। मई अंत अथवा जून के प्रथम सप्ताह से आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होने की संभावना है।



### संपर्क कर सकते हैं छात्र

आवेदन प्रक्रिया अभी प्रारंभ नहीं हुई है। उच्च शिक्षा विभाग के आदेश पश्चात ही इसके शुरुआत होगी। छात्र यदि चाहें तो कॉलेज जाकर पाठ्यक्रम की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

*-डॉ. देवाशीष मुखर्जी, सचिव, निजी महाविद्यालय संघ*

## खबर संक्षेप



### कोटा के शनिदेव मंदिर में आरती-हवन 27 को

**रायपुर।** कोटा स्थित श्री शनिदेव मंदिर में 27 मई को शनिदेव जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी विकास शर्मा ने बताया, शनिदेव मंदिर के दर्शन करने दूरदराज से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। इस दिन सुबह से ही आयोजन शुरू हो जाएगा। सुबह 7.30 आरती, 11 बजे हवन, 12 बजे से भंडारा और शाम 4 बजे भजन-कीर्तन किया जाएगा। भजन संध्या में शाम 7 बजे से जय किशन एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। रात 7.30 बजे ढोल-बाजे व आतिशबाजी के साथ महाआरती की जाएगी।

### बढ़ते कदम संस्था ने बांटे दाना, सकोरा और कोटना

**रायपुर।** संस्था बढ़ते कदम के दाना, सकोरा, कोटना वितरण प्रोजेक्ट के तहत प्रोजेक्ट प्रभारी प्रेमप्रकाश मध्यानी व अजय वलेचा ने बताया कि 17 मई शनिवार को गांधी उद्यान में 150 सकोरा व दाना पैकेट, 6 कोटने और 18 मई शाम 5 बजे भाठागांव में 250 सकोरे व दाना पैकेट व 6 कोटने का निशुल्क वितरण किया गया। इस सेवाकार्य में डॉ. गोपाल चावला, राजू तारवानी, तेजभान जग्गा, इंदर बृजवानी, अमरलाल लखवानी, कविता चावला, शांति गोवानी सहित अन्य शामिल रहे।



### आईसीएआई के वरिष्ठ अधिकारियों से की मुलाकात



**रायपुर।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान आईसीएआई की उद्यमिता एवं सार्वजनिक सेवा समिति के सह नामांकित सदस्य सीए रवि ग्वालानी ने हाल ही में नई दिल्ली में संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने आईसीएआई अध्यक्ष सीए चरणजोत सिंह नंदा, उपाध्यक्ष सीए प्रसन्ना कुमार, सचिव सीए जय कुमार बत्रा, काउंसिल अफेयर्स सचिव दीपक भारद्वाज, उत्तरी परिषद अध्यक्ष जगजीत सिंह जग्स तथा केंद्रीय परिषद सदस्यों सीए प्रमोद जैन और सीए सतीश कुमार गुप्ता के साथ विस्तृत चर्चा की। सीए श्री ग्वालानी ने राज्यों में पुलिस द्वारा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की मनमानी गिरफ्तारी की बढ़ती घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की।

## निधन

### राजेश उपाध्याय



**रायपुर।** सुंदर नगर कारगिल चौक निवासी अधिवक्ता राजेश उपाध्याय का 17 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रकाश उपाध्याय के भाई और आशीष उपाध्याय एवं अभिषेक उपाध्याय के पिता थे।

## आभा आईडी की सुविधा, फिर भी आंबेडकर और जिला अस्पताल में भीड़

# ऑनलाइन सुविधा, फिर भी कम नहीं हो रही ओपीडी पंजीयन की कतार

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आभा आईडी के माध्यम से सरकारी अस्पतालों में ओपीडी का लाभ लेने ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा है। इसके बाद भी आंबेडकर और जिला अस्पताल के ओपीडी पर्ची काउंटर से भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। अभी भी लोगों को पर्ची कटाने के लिए घंटेभर का वक्त लग रहा है।

शासन की तरफ से मरीजों के स्वास्थ्य संबंधी डेटा रखने के लिए आभा आईडी बनाने की योजना लाई गई है। आंबेडकर और जिला अस्पताल में यह सुविधा सालभर से लागू है, मगर इसका लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। दोनों अस्पतालों में प्रतिदिन होने वाली ओपीडी में करीब दो हजार लोग पहुंचते हैं, मगर इनमें से एक फीसदी के पास भी आभा आईडी की सुविधा नहीं है। सभी काउंटर पर जुटी भीड़ में खड़े होकर अपनी ओपीडी पर्ची कटने का इंतजार करते हैं। सूत्रों के मुताबिक, आभा आईडी के माध्यम से मरीज घर बैठे डॉक्टर से अपाइंटमेंट लेकर अस्पताल आते ही टोकन नंबर प्राप्त चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त कर सकते हैं, मगर जानकारी के अभाव में लोग ऑफलाइन पर्ची कटाने के लिए लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं। इसकी एकमात्र वजह आम लोगों के बीच आभा आईडी की पर्याप्त जानकारी का अभाव होना है। इसके लिए अस्पतालों में बैनर-पोस्टर की व्यवस्था तो की गई है, मगर एंड्रायड फोन के माध्यम से प्रक्रियाओं को पूरा कैसे करें, इस बारे में जानकारी देने के लिए किसी भी कर्मचारी की व्यवस्था वहां नहीं की गई है, इसलिए लोगों को इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## घंटेभर करना पड़ रहा इंतजार

### डिजिटल रिकार्ड साझा करने में भी आसानी

सूत्रों के अनुसार आभा आईडी के माध्यम से मरीज अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप में सुरक्षित रख सकते हैं। जरूरत पड़ने पर डॉक्टर या स्वास्थ्यकर्मी से आसानी से साझा कर सकते हैं। इस आईडी की मदद से अस्पताल, क्लीनिक और लेबोरेटरी के बीच जानकारी साझा करना भी आसान होने का दावा किया जा रहा है। सभी अस्पतालों में इसकी व्यवस्था लागू की गई है, मगर इसका लाभ काफी कम लोगों को मिल रहा है।



### एनएमसी ने भी किया है अनिवार्य

मेडिकल कालेजों से संबंधित अस्पतालों में आभा आईडी के माध्यम से मरीजों का पंजीयन एनएमसी द्वारा अनिवार्य किया गया है। सूत्रों के अनुसार, कालेजों को मान्यता के लिए मरीजों की गणना इसी आईडी के माध्यम से किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य के तमाम शासकीय मेडिकल कालेजों में आभा आईडी की सुविधा तो लागू की गई है, मगर किसी भी अस्पताल में आने वाले अधिकतर मरीजों द्वारा भी इसका उपयोग नहीं किया जाता है।

# ऑपरेशन सिंदूर में पराक्रम दिखाने वाले वीर सूबेदार केसर सिंह का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय थल सेना के वीर सूबेदार केसर सिंह का रायपुर के सरोना में सम्मान किया गया। सूबेदार केसर सिंह वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में तैनात हैं, उन्होंने आतंक के खिलाफ चलाए गए निर्णायक अभियान ऑपरेशन सिंदूर में अपनी सक्रिय भागीदारी से दुश्मनों को करारा जवाब दिया। इस अभियान में पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों, 11 सैन्य ठिकानों को ध्वस्त किया गया और 100 से अधिक आतंकी तथा 50 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिक मारे गए।

- विधायक मूणत बोले- सेना को खुली छूट, अब भारत आंख उठाने वालों को माफ नहीं करता

मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने कहा, भारत अब वह देश नहीं रहा, जो आंख उठाकर देखने वालों को नजरअंदाज करे। आज का भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुश्मनों को उन्हीं की भाषा में जवाब देता है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं, भारत के आत्मसम्मान की पुनर्स्थापना है। कार्यक्रम में रायपुर की महापौर मीनल चौबे, पार्षद, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने देश के वीर सपूत का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

इस मौके पर सूबेदार केसर सिंह ने कहा, सेना में रहकर देशसेवा करना मेरे लिए गौरव की बात है। जब तक शरीर में प्राण हैं, देश के लिए समर्पित रहूंगा। यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, उन सभी जवानों का हैं, जो हर मौसम, हर परिस्थिति में देश की रक्षा के लिए तैनात हैं।

### पांच दिवसीय थायराइड जागरूकता शिविर 21 से

**रायपुर।** आयुर्वेद पंचकर्म एवं पाइल्स क्लीनिक की ओर से पांच दिवसीय 21 से 25 मई तक थायराइड जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुंदरनगर महादेवघाट रोड स्थित महिमा विहार कॉलोनी में लगाया जाएगा। शिविर का समय सुबह 10 से शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। निशुल्क परामर्श के लिए पूर्व पंजीयन आवश्यक है। एमडी आयुर्वेदी पीएचडी डॉ. अंकिता राकेश मिश्रा ने बताया कि थायराइड का स्थायी इलाज अब आयुर्वेद से संभव है, पर इसके लिए जरूरी है समय रहते उचित सलाह व आयुर्वेद का उपचार हो, इसके निदान के लिए 3 से 6 माह तक का समय लग सकता है, जो परेशानियां आती हैं, थायराइड के चलते उसमें प्रमुख है बालों का झड़ना, मोटापा, चिड़चिड़ाहट, हार्मोनल अनियमितता, पीरियड्स अनियमित, नींद न आना, लगातार मेडिसिन खाने से मुक्ति, शरीर में सूजन या फूला हुआ लगना इत्यादि। शिविर ऐसे लोगों के लिए काफी फायदेमंद होगा।

## छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की बैठक में हुए कई निर्णय



**रायपुर।** सिंधु पैलेस शंकरनगर में रविवार को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की प्रदेश की कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें रायपुर के साथ पूरे प्रदेश से समाज के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व पदाधिकारी शामिल हुए।

इस दौरान प्रमुख विषय जैसे संविधान संशोधन, सदस्यता शुल्क, आजीवन मेंबरशिप आदि तथा सदस्यता शुल्क पर अपने विचार व्यक्त किए गए। भगवान झूलेलाल की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक शुरू की गई। सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की वर्तमान कार्यकारिणी निरंतर अपने वादे पूरे कर रही है तथा कार्यकाल पूर्ण होते तक सभी वादे पूर्ण किए जाएंगे, यह में समाज को विश्वास दिलाता हूं। पंचायत के संरक्षक अमर पारवानी ने कहा कि समाज को अपना राजनीतिक वजूद के साथ अब अपने बच्चों को प्रशासनिक सेवाओं के क्षेत्र में आगे बढ़ाना चाहिए। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी व प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि प्रमुख विषयों पर समाज की जो राय आई, उसमें छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत को अब छत्तीसगढ़ पूज्य सिंधी पंचायत लिखा जाएगा। पंचायत के सदस्य बढ़ाए जाएंगे तथा सदस्यता शुल्क भी बढ़ाया जाना चाहिए।

### ये हुए शामिल

आयोजन में मुख्य रूप से, मुरलीधर उदासी, महेश रोहरा, अमित चिमनानी, रमेश मिरघानी, मन्नूमल पृथ्वानी, कैलाश बालानी, तनेश आहूजा, कनक खेमानी, चंचल बजाज समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी-सदस्य एवं प्रदेशभर की पंचायतों के मुखीगण शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रहलाद शादीजा, तनेश आहूजा तथा आभार प्रदर्शन बलराम आहूजा ने किया।

# आईजी-एसएसपी ने कहा- पेंडिग मामलों का जल्द करें निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपराधियों के हौसले पस्त करने, राजधानी समेत जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने आईजी अमरेश मिश्रा एवं एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने जिले के सभी थानों के टीआई के साथ राजपत्रित पुलिस अफसरों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान दोनों अफसरों ने सभी थानों के पेंडिंग मामलों की जानकारी हासिल कर पुराने मामलों का जल्द से जल्द निपटारा कर कोर्ट में चालान पेश करने के निर्देश दिए।

- दर्ज मामलों का 60 से 90 दिन के भीतर कोर्ट में चालान पेश करने व्यवस्था बनाने के निर्देश

बैठक में शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा नवीन आपराधिक कानून के पालन, यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन एवं जनउन्मुखी कार्यो के संबंध में दिए गए निर्देशों की अफसरों को जानकारी दी गई। साथ ही एक वर्ष से अधिक समय से लंबित पुराने अपराधों का निकाल प्राथमिकता के आधार पर करते हुए जल्द से जल्द प्रकरणों का चालान पेश कर जीरो करने कहा गया। नवीन आपराधिक कानून के तहत विवेचना कर प्रभावी कार्रवाई करने चालान 60 से 90 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के प्रावधान को अनिवार्य रूप से लागू करने कहा गया। सभी ग्राम पंचायतों तथा ग्रामीणों से समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस मित्र बनाने के निर्देश दिए।



### बल की कमी दूर करने विचार नहीं

एक-दो थानों के छोड़ जिले के ज्यादातर थानों में बल की कमी है। पुराने तथा नए मामलों की जांच में बल की कमी एक बड़ी बाधा है। नए कानून के तहत 60 से 90 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से कोर्ट में चालान पेश करना है। ऐसे में बल की कमी की वजह से तय समय में विवेचना का कार्य पूरा नहीं हो पाता। इस मुद्दों को लेकर बैठक में किसी प्रकार की चर्चा नहीं की गई।

### हर छठवें दिन एक हत्या

अप्रैल का महीना पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। एक माह के भीतर पांच हत्याएं हुई हैं। इस लिहाज से हर छठवें दिन एक हत्या हुई है। इसी तरह आधा दर्जन हत्या के प्रयास के मामले जिले के अलग-अलग थानों में दर्ज किए गए हैं। इस एक महीने में औसतन हर दिन पांच चोरी की घटनाएं हुई हैं। अप्रैल में कुल चोरी तथा नकबजनी की 155 रिपोर्ट थानों में दर्ज की गई है। मारपीट के 289 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। ठगी सहित अन्य सभी तरह के छोटे बड़े मामलों को लेकर कुल 811 मामले थानों में दर्ज हुए हैं। इस लिहाज से हर थाने में एक दिन में औसतन सभी तरह के दो दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं।




## हज यात्रियों को मक्का-मदीना की यात्रा के लिए दिया प्रशिक्षण

**रायपुर।** इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक हज एक वार्षिक पवित्र तीर्थयात्रा है, जो मुस्लिम भाईचारे के प्रदर्शन के साथ की जाती है। हज के दौरान किए जाने वाले आवश्यक अनुष्ठानों के साथ-साथ मुस्लिम तीर्थयात्रा के लिए चरण-दर-चरण मार्गदर्शिका को विस्तार से समझाया गया। हज यात्रा में कई महत्वपूर्ण चरण शामिल होते हैं, जिसमें इच्छा की तैयारी और शुद्ध इरादे शामिल होते हैं और इस संदर्भ में हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण उन सभी के लिए आवश्यक है, जो हज करने के उद्देश्य से सऊदी अरब जाते हैं। हज करने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम रायपुर के बैरन बाजार स्थित सामुदायिक भवन में 1998 से रायपुर के "खादिम उल हुज्जाज" द्वारा 'आजमीने-हज' के तहत आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम के तहत हज यात्रियों को 5 दिन का हज, मदीना मुनव्वरा में उपस्थिति और मुकद्दस मकामात को कम से कम कठिनाइयों के साथ करने के लिए आवश्यक विभिन्न अनिवार्य प्रथाओं के बारे में विस्तृत जानकारी, निर्देश, सलाह दी गई। दिनभर चले विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों में 36 महिलाएं और 32 पुरुष शामिल हुए।



## पेज 09 के शेष ...

### सराफा कारोबारी की पत्नी...

खुदकुशी कर ली। सोना सदरबाजार में अपने पति, ससुर तथा दो बेटों के साथ रहती थी। महिला ने अपने मकान की तीसरी मंजिल पर बने स्टोर रूम में दुपट्टे का फंदा बनाकर खुदकुशी की है। पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें महिला ने अपने 12 वर्षीय बेटे उदय की मौत के बाद उनके पास जाने की बात का उल्लेख किया है। महिला के मायके वालों ने मृतका के पति और ससुर पर तंत्र-मंत्र कर अपनी बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है। साथ ही यह आरोप भी लगाया है कि सोना का पति शराब पीकर उससे मारपीट करता था।

### दो दिन पूर्व...

व्यक्त की है। साथ ही मृतका के परिजनों ने सोना की मौत के दो दिन पूर्व किसी तांत्रिक के प्रवाल के घर आने की जानकारी देते हुए उसे 50 हजार रुपए देने का आरोप लगाया है। घटना के समय घर में मृतका का पति, 14 साल का बेटा और ससुर मौजूद थे।

### एक दिन पूर्व लौटे...

गया था। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे जांच की जाएगी।

### नशे के सौदागरों...

अनुसार, पांचों तस्कर रेलमार्ग से गांजा लाकर वाल्टेयर लाइन के पास चेन पुलिंग कर उतर गए थे। इसके बाद तस्कर यहां किसी दूसरे व्यक्ति को गांजे की डिलीवरी देने आए थे। पुलिस ने शराब बेचने के आरोप में महिला राखी मरकाम को गिरफ्तार किया है। इसी तरह से गुढ़ियारी पुलिस ने मयूरी धनगर उर्फ सोनिया को शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

### होटल में देह...

मैनेजर ने कॉल कर पाइंटर को होटल में जाने के लिए कहा। गगन ग्रैंड के संचालक कुणाल बाग एवं भागीदार सुमीत पाल छापे की कार्रवाई के बाद से फरार हैं।

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# खबर संक्षेप



## महोबा बाजार में निगम अमले ने जब्त की पॉलीथिन

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 8 क्षेत्र के अंतर्गत महिला स्वसहायता समूह की स्वच्छता दीदियों सहित नगर निगम जोन 8 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन एवं सफाई मित्रों ने मोहबा बाजार में मेरा बाजार स्वच्छ बाजार अभियान चलाकर जनजागरण किया। वहीं प्लास्टिक पर प्रतिबंध को लेकर विशेष मुहिम चलाई गई। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही की गई, जिसमें दुकानदारों को पॉलीथिन न रखने की समझाइश दी गई एवं जुर्माना लगाया।

## नशीली टेबलेट और गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर।** राखी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक मकान में छापा मारकर 30 हजार रुपए से ज्यादा कीमत का ढाई किलो गांजा तथा डेढ़ सौ के करीब प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त की है। पुलिस ने गांजा तथा नशीली टेबलेट बेचने के आरोप में सागर भारती तथा ज्ञानेश्वर उर्फ विनय जोशी को गिरफ्तार किया है।

## डेढ़ लाख का गांजा जब्त, धरे गए दो अंतर्राज्यीय तस्कर

**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने एक होटल में दबिश देकर डेढ़ लाख रुपए कीमत का 11 किलो के करीब गांजा जब्त करते हुए दो अंतर्राज्यीय तस्करों को धर-दबोचा। पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में राजस्थान धौलपुर निवासी सत्येंद्र गिरी तथा भरतपुर निवासी देशराज सिंह को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्कर ओडिशा से गांजा तस्करी कर राजस्थान ले जाने की फिराक में थे। राजस्थान के लिए तत्काल कोई गाड़ी उपलब्ध नहीं होने से तस्कर पेटी लाइन स्थित श्री पैलेस में रुके हुए थे।

## सूने मकान में धावा ढाई लाख किए पार

**रायपुर।** कबीर नगर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान से नकदी एक लाख 80 हजार रुपए सहित ढाई लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कबीर नगर फेस-3 निवासी रंजीत सिंह ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। रंजीत ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आलमारी में रखे जेवर तथा नकदी पर हाथ साफ कर गया।

## शराब-चखना नहीं लाने पर बीयर की बोतल से हमला

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक 16 वर्षीय किशोर ने दो लड़कों के खिलाफ उनके लिए शराब, चखना, पानी नहीं लाने पर मारपीट कर उसके सिर पर बीयर की खाली बोतल से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। किशोर ने पुलिस को बताया कि मिलन चौक के पास हेमंत तथा वासु साहू ने उसे शराब, पानी, चखना लाने के लिए कहा। इंकार करने पर दोनों ने किशोर के साथ मारपीट की।

## बीचबचाव करने पर मारपीट

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक व्यक्ति ने दो युवकों तथा अन्य के खिलाफ झगड़े में बीचबचाव करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामकुंड निवासी जया निषाद ने पुनीत, विकास तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। जया ने पुलिस को बताया कि पुनीत, विकास तथा अन्य किसी बात को लेकर आपस में गाली-गलौज कर झगड़ा कर रहे थे।






# त्रुटि सुधार के बाद भी अंकसूची में गलत जानकारी, क्योंकि पुराना डाटा इस्तेमाल कर रहा रविवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर


पं.रविशंकर शुक्ल विवि के विद्यार्थी त्रुटि सुधार करवाते हुए थक गए हैं। दरअसल, छात्रों द्वारा त्रुटि सुधार करवाए जाने के बाद भी रविवि पुराना डाटा ही इस्तेमाल कर रहा है। इसके कारण वही त्रुटियां पुनः अंकसूची में दर्ज हो रही है जो प्रथम बार छात्रों द्वारा आवेदन भरते वक्त हुई थी। त्रुटि सुधार किए जाने के बाद नवीन डाटा प्रयोग में नहीं लाए जाने के कारण इस तरह की समस्याओं का सामना छात्रों को करना पड़ रहा है। त्रुटि सुधार के लिए विद्यार्थियों के को ना केवल दोबारा आवेदन करना पड़ रहा है बल्कि इसके लिए फिर से पैसे भी चुकाने पड़ रहे हैं। रविवि के हेल्प डेस्क में इससे संबंधित समस्याएं लेकर रोजाना कई छात्र आ रहे हैं।

त्रुटि सुधार के अंतर्गत अधिकतर गड़बड़ियां छात्रों तथा उनके पालकों के नाम संबंधित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद स्नातक स्तर पर भी वर्ष में दो बार परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। छात्रों को कुछ दिनों के अंतराल में परीक्षा के लिए पुनः आवेदन करना होता है। इस अंतराल के मध्य वे पिछली कक्षा में हुई त्रुटि के लिए आवेदन भी करते रहे हैं, लेकिन रविवि अगली परीक्षा में भी छात्रों के पुराने डाटा ही प्रयोग कर रहा है।

## बार-बार त्रुटि सुधार करवाकर छात्र हलाकान, चुकानी पड़ रही राशि

### दो बार कट रही राशि

रविवि द्वारा प्रवेश परीक्षाओं की तिथि में वृद्धि की गई है। इस बार रविवि द्वारा प्रवेश परीक्षाओं के लिए शुल्क निर्धारित किया गया है। छात्रों को इसमें भुगतान के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अकाउंट से पैसे कट जाने के बाद भी आवेदन में पेमेंट अपडेट नहीं हो पा रहा है। इस कारण कई विद्यार्थी दो-दो बार एक ही प्रवेश परीक्षा के लिए भुगतान कर चुके हैं। राशि वापस पाने उन्हें रविवि के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इसके अतिरिक्त पेमेंट गेटवे सहित आवेदन भरने की प्रक्रिया ही धीमी होने की शिकायत छात्रों द्वारा की जा रही है।



### एमए रूरल डेवलपमेंट की प्रवेश परीक्षा 6 जून को

*रविवि अध्ययनशाला में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं की तिथि भी विभागों द्वारा जारी की जा रही है। दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम एमए इन रुरल डेवलपमेंट के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 6 जून को किया जाएगा। स्कूल ऑफ रीजनल स्टडीज एंड रिसर्च के अंतर्गत यह पाठ्यक्रम संचालित होगा। गौरतलब है कि प्रदेश में केवल रविवि ही ग्रामीण विकास में एमए की डिग्री प्रदान करता है। हाल ही में व्यापम द्वारा निकाली गई सहायक ग्रामीण विकास अधिकारी की भर्ती में भी उक्त उपाधि रखने वाले कैंडिडेट को 15 अतिरिक्त बोनस अंक प्रदान किए जा रहे हैं। इसमें प्रवेश के लिए किसी भी विषय में स्नातक डिग्री 50% अंकों के साथ अनिवार्य है।*

### ग्रामीण इलाकों में शिकायत ज्यादा

# सस्ती दवा दुकानों का टार्गेट पूरा पर डाक्टर अभी भी ब्रांडेड के मोह में फंसे

- प्रथम चरण में रायपुर जिले के स्वास्थ्य केंद्रों 17 जन औषधि केंद्र का लक्ष्य 15 खुल गई
- अगले चरण में सौ से ज्यादा ओपीडी वाले पीएचसी में दवा दुकान का शुरू करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




मरीजों को सस्ती दवा उपलब्ध कराने जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने राज्य शासन की दिलचस्पी रंग दिखाने लगी है। प्रथम चरण में रायपुर जिले के 17 हेल्थ सेंटरों में दवा दुकान खोलने का लक्ष्य रखा गया था जिसमें से 15 दुकानें खोली जा चुकी है। इसके बाद भी डाक्टरों के ब्रांडेड दवा लिखने का मोह कम नहीं हो पा रहा है खासकर ग्रामीण इलाकों में इस तरह की समस्या ज्यादा सामने आ रही है।

सूत्रों के अनुसार हाल ही में मठपुरैना सीएचसी, भाठागांव हमर अस्पताल, मंदिर हसौद, अभनपुर सीएचसी और एमसीएच कालीबाड़ी में जन औषधि केंद्र शुरू किया गया है जिसे मिलाकर जिले में डिस्ट्रिक हास्पिटल, सिविल अस्पताल सहित 15 स्थानों में जन औषधि केंद्र प्रारंभ हो चुका है। प्रथम फेस में नवापारा राजिम और गुढ़ियारी हमर अस्पताल में इसकी शुरुआत की तैयारी अंतिम चरणों में है। दावा किया जा रहा है कि इन दुकानों के माध्यम से मरीजों को सस्ती दवा उपलब्ध होगी। दूसरी ओर योजना से जुड़े लोगों का कहना है कि मरीजों को इसका वास्तविक लाभ तब मिलेगा जब डाक्टर अपनी पर्ची में जेनेरिक दवा लिखेंगे। अस्पतालों में अभी भी दवा की पर्ची में ब्रांडेड दवा लिखने का दौर जारी है। समस्या यह भी बताई जा रही है कि शहरी इलाकों के अस्पताल के बजाए ग्रामीण इलाकों में इस तरह की समस्याएं अधिक है। सूत्रों का यह भी कहना है कि दवा दुकान खोलने के लिए विभिन्न सहकारी समितियों की मदद भी ली जा रही है जिससे ग्रामीण इलाकों में भी प्रधानमंत्री जन औषधि आसानी से उपलब्ध हो सके।

### प्रदेश में भी बढ़ रही संख्या

*रायपुर के अलावा अन्य जिलों में भी प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों की संख्या में इजाफा हो रहा है। राज्य में शुरुआती दौर में जन औषधि केंद्रों की संख्या 216 थी जो महत्व नहीं मिलने के कारण 160 हो गई थी। काफी कोशिशों और राज्य की भाजपा सरकार ने इस पर दिलचस्पी दिखाई जिससे इनकी संख्या 200 के करीब पहुंच गई है। शासन द्वारा राज्य में पांच सौ जन औषधि केंद्र खोलने की योजना बनाई गई है जिस पर विभागीय अधिकारियों द्वारा काम किया जा रहा है।*

### धनवंतरी पर फैसला नहीं

*सूत्रों के अनुसार पिछली सरकार ने सस्ती दवा के लिए धनवंतरी योजना लॉच की थी। इसके तहत अस्पतालों के समीप और अन्य स्थानों पर धनवंतरी केंद्र खोले गए थे। इन दवा दुकानों को भारी रिस्पांस मिला था बाद में यह बाते सामने आने लगी की दवा दुकानों में सामान्य दवा के अलावा बड़ी बीमारी वाली दवा नहीं मिल पाती है। शासन द्वारा इस योजना को चालू रखने अथवा बंद करने पर भी विचार किया जा रहा था मगर फैसला अब तक नहीं आया है।*

# 10वीं में 75 हजार तो 12वीं में 43 हजार छात्र पूरक या फेल, द्वितीय परीक्षा में शामिल होने अर्जी कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दसवीं-बारहवीं के परिणाम माशिम द्वारा 7 मई को जारी किए गए थे। परिणामों के मुताबिक, दसवीं कक्षा में 18 हजार 307 छात्रों को पूरक श्रेणी में रखा गया है, जबकि 57 हजार 79 छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। इसी तरह बारहवीं कक्षा में 23 हजार 126 छात्र पूरक श्रेणी में हैं। वहीं 20 हजार 13 विद्यार्थियों को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। इन विद्यार्थियों को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दोबारा मौका दिया जा रहा है। इन छात्रों के लिए माशिम द्वितीय परीक्षा का आयोजन करेगा।



इसके लिए आवेदन कल से प्रारंभ हो जाएंगे। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा पिछले शैक्षणिक सत्र में यह बदलाव किया गया था। पिछले सत्र से दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित की जा रही हैं। प्रथम मुख्य परीक्षा आयोजन मार्च माह में किया जा चुका है। द्वितीय मुख्य परीक्षा का आयोजन जुलाई-अगस्त में संभावित है। ना केवल अनुत्तीर्ण अथवा पूरक छात्र बल्कि पास हो चुके ऐसे छात्र, जो अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं वे भी अंक सुधार के लिए इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

### विद्यालय के माध्यम से कर सकेंगे आवेदन

माशिम द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, छात्र सामान्य शुल्क के साथ 20 मई से 10 जून तक आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद विलंब शुल्क के साथ 11 से 20 जून तक आवेदन स्वीकार किए जाएंग। विशेष विलंब शुल्क के साथ 21 से 30 जून तक का समय आवेदन के लिए दिया जाएगा। नियमित तथा स्वाध्यायी दोनों ही विद्यार्थी अपने विद्यालय के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। दसवीं की परीक्षा में इस वर्ष 3 लाख 28 हजार तथा बारहवीं की परीक्षा में 2 लाख 40 हजार छात्र शामिल रहे। प्रथम परीक्षा में पंजीकृत विद्यार्थी ही द्वितीय परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र होंगे।

### जिनमें उच्चतम अंक, वह ही मान्य

यदि कोई विद्यार्थी अंक सुधार के लिए परीक्षा में शामिल होता है तथा द्वितीय परीक्षा में उसे प्रथम परीक्षा की तुलना में कम अंक प्राप्त होते हैं तो प्रथम परीक्षा के अंक ही मान्य होंगे। अर्थात छात्र को दोनों परीक्षाओं में से जिसमें अधिक अंक प्राप्त होंगे, उसकी गणना करते हुए ही नतीजे तैयार किए जाएंगे। इससे संबंधित अन्य दिशा-निर्देश विद्यार्थी अपने विद्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

# 9 टाउन प्लानर तय करेंगे 70 वार्डों के विकास की रूपरेखा

## 6 माह के भीतर होगी शहरभर की प्लानिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के 70 वार्डों का सर्वे होगा, नगर निगम से इम्पैनल्ड टाउन प्लानर वार्डवार सर्वे कर 6 माह के भीतर पूरे शहर की प्लानिंग कर दस्तावेज नगर निगम को देंगे। विशेष योग्यता वाले टाउन प्लानर नियुक्त करने नगर निगम ने हाल ही में ऑनलाइन टेंडर किया, जिसमें 9 टाउन प्लानर को चयनित किया गया है। शहरभर के लिए ये टाउन प्लानर 3 साल के लिए अनुबंध पर रखे जाएंगे। रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों के विकास की रूपरेखा अब 9 टाउन प्लानर तय करेंगे। इसके लिए उन्हें प्रति वार्ड औसतन 2.50 से 3 लाख रुपये शुल्क दिया जाएगा। इस तरह 70 वार्डों की प्लानिंग कार्य में 2 करोड़ 10 लाख रुपये खर्च अनुमानित है। जानकारों का कहना है यह पहला मौका होगा, जब नगर निगम शहर के विकास की रूपरेखा तय करने विशेष योग्यता वाले टाउन प्लानर को इम्पैनल्ड करने जा रहा है। बताते चलें, इंदौर शहर ने वार्डों की प्लानिंग करने विशेष योग्यता वाले टाउन प्लानर की सेवाएं ली हैं।

- एक वार्ड की प्लानिंग के लिए 2.50 से 3.50 लाख रुपये शुल्क

### जीआईएस मैपिंग से डाटा कलेक्शन

निगम ने टाउन प्लानर तय करने आरएफपी जारी किया है। इसमें शहर के सभी 70 वार्ड के जीआईएस मैपिंग द्वारा डाटा कलेक्शन और आने वाले 5 सालों में क्या-क्या विकास कार्य कर सकते हैं, इसकी प्लानिंग शामिल रहेगी। वार्ड का एक्शन प्लान तैयार करने 70 वार्ड को 3 कैटेगरी में बांटा गया है। इन तीन कैटेगरी के लिए आर्किटेक्ट या अर्बन प्लानर ने अलग-अलग रेट कोड किये, इसमें से सबसे कम रेट भरने वाले आर्किटेक्ट या अर्बन प्लानर जो निर्धारित मापदंड पूरा किये हैं, उन्हें 3 साल के लिए इम्पैनल्ड किया जाएगा।

### 10 साल की जरूरत के हिसाब से विकास कार्यों की प्लानिंग

सूत्रों के मुताबिक नगर निगम के 10 जोन स्थित 70 वार्डों में अगले 10 साल की जरूरत के मुताबिक वार्ड एक्शन प्लानिंग करने की तैयारी है। यह रूपरेखा टाउन प्लानर तय करेगा। इसी आधार पर वार्ड विकास के लिए शासन से स्वीकृति होगी और विकास कार्य होगा। यानी पार्षदों की अनुशंसा पर कंक्रीटीकरण, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन, सड़क, चबूतरा निर्माण के लिए शासन से राशि नहीं मिलेगी। योजना के मुताबिक 1 वार्ड का सर्वे एक सप्ताह में पूरा होगा और इसकी प्लानिंग पर 1 माह का समय लगेगा। निगम से इम्पैनल्ड टाउन प्लानर की रिपोर्ट संबंधित जोन कमिश्नरी में इंजीनियर्स और पार्षदों के समक्ष प्रस्तुत होगी। सहमति के बाद ही इसे मुख्यालय भेजा जाएगा।

# चाकू की नोक पर मारपीट मोबाइल और कैश लूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ चाकू की नोक पर मारपीट कर मोबाइल तथा नकदी लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित वीआईपी रोड स्थित एक होटल में हाउस कीपिंग का काम करता है। वह विशाल नगर में किराए के मकान में रहता है। घटना देर शनिवार देर रात 1 बजे की है। पुलिस के अनुसार, रोहित चक्रधारी ने कुणाल वैष्णव के खिलाफ लूट की शिकायत दर्ज कराई है। रोहित ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को वह अपने कमरे में अन्य दोस्तों के साथ लेटकर मोबाइल चला रहा था। रोहित जब मोबाइल चला रहा था, इस दौरान उसके दोस्त सोए हुए थे। इसी दौरान कुणाल, रोहित के कमरे के अंदर दाखिल हुआ और रोहित के साथ गाली-गलौज करते हुए उसके गले में चाकू टिकाकर मोबाइल तथा कैश लूटकर ले गया। रोहित के शोर मचाने पर उसके दोस्त जाग गए और कुणाल को पकड़ने की कोशिश की। कुणाल, रोहित तथा उसके साथियों को धक्का देकर मौके से फरार हो गया।




- बदमाश ने घर में घुसकर युवक के साथ मारपीट कर लूट की

# शुरू हुई नैक निरीक्षण के लिए प्राध्यापक भर्ती, फिलहाल सिर्फ बीएड के लिए एंट्री

- अच्छी ग्रेडिंग के लिए रिश्वत लेने संबंधित मामले के बाद निकाले गए थे 700 प्राध्यापक
- बीएड महाविद्यालयों को छोड़कर अन्य कॉलेजों को दिया गया है ऑनलाइन ग्रेडिंग का विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अच्छी ग्रेडिंग देने के बदले महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों से रिश्वत लेने संबंधित मामले के बाद से यूजीसी निरंतर इसमें बदलाव कर रहा है। 700 प्राध्यापकों को ग्रेडिंग प्रदान करने वाली टीम से निकालने के बाद अब नए सिरे से प्राध्यापकों की भर्ती प्रारंभ कर दी गइ हैं। गौरतलब है कि देशभर के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों तथा शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण करके उन्हें ग्रेडिंग प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा टीम गठित है। इसमें लगभग एक हजार प्राध्यापक होते हैं। विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम के अनुसार प्राध्यापकों की टीम बनाकर उन्हें ग्रेडिंग के लिए भेजा जाता है। लेन-देन संबंधित मामले के सामने आने के बाद यूजीसी द्वारा हजार प्राध्यापकों की टीम में से 700 को बाहर कर दिया गया था। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, इसमें छत्तीसगढ़ के भी प्राध्यापक शामिल थे। अब निकाले गए प्राध्यापकों के स्थान पर नई भर्तियां हो रही हैं। इसके लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है तथा आवेदन मंगाए जा रहे हैं।



### बीएड विशेषज्ञों की भर्ती

फिलहाल केवल बीएड महाविद्यालयों के निरीक्षण के लिए ही प्राध्यापकों की भर्ती की जा रही है। शेष के लिए बाद में प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यूजीसी द्वारा केवल बीएड महाविद्यालयों के लिए पूर्व की तरह ऑफलाइन निरीक्षण अनिवार्य रखा गया है। इसके अलावा अन्य महाविद्यालयों को छूट दी गई है कि वे निरीक्षण के लिए ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन विकल्प का चुनाव कर सकते हैं। नया शैक्षणिक सत्र अगले माह से प्रारंभ हो जाएगा। चूंकि बीएड महाविद्यालयों को अनिवार्य ऑफलाइन निरीक्षण की श्रेणी में रखा गया है, इसलिए बीएड विशेषज्ञों की ही भर्ती फिलहाल हो रही है।

### दुर्गा महाविद्यालय ने चुना ऑफलाइन निरीक्षण

दोनों तरह के विकल्प दिए जाने के बाद भी कॉलेज पूर्व की तरह ऑफलाइन निरीक्षण का ही विकल्प चुन रहे हैं। दरअसल, जो महाविद्यालय ऑनलाइन निरीक्षण का विकल्प चुनेंगे उन्हें केवल नैक द्वारा निरीक्षण का ही टैग मिलेगा। किसी तरह की ग्रेडिंग नहीं मिलेगी। जबकि ऑफलाइन निरीक्षण का चुनाव करने वाले महाविद्यालयों को पूर्व की तरह ए, बी तथा सी ग्रेड मिलेगा। राजधानी के कई महाविद्यालयों में वर्तमान वर्ष में ग्रेडिंग होगी। इसमें दुर्गा महाविद्यालय भी शामिल है। संस्थान द्वारा ऑफलाइन ग्रेडिंग का विकल्प चुना गया है।

# दूरवर्ती जिले के फार्मासिस्टों को राजधानी के चक्कर से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के दूरवर्ती जिलों के फार्मासिस्टों को केवल पंजीयन नवीनीकरण के लिए राजधानी के चक्कर से मुक्ति मिल गई है। पिछले दिनों स्टेट फार्मेसी काउंसिल में इसके लिए ऑनलाइन नवीनीकरण सुविधा की शुरुआत की गई है। फार्मेसी काउंसिल में 35 हजार सदस्य हैं, जिन्हें अपना पंजीयन कराने राजधानी के चक्कर लगाने पड़ते थे। पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत की थी, जिसके बाद फार्मासिस्टों के पंजीयन की प्रक्रिया आसान हो गई। पहले मैनुअल प्रक्रिया होने से फार्मासिस्टों को रायपुर का चक्कर लगाना पड़ता था। फार्मासिस्टों की परेशानियों को देखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल द्वारा इनके पंजीयन के नवीनीकरण के लिए आनलाइन सुविधा शुरु की है। पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत फार्मासिस्टों को अपने सभी आवश्यक मूल दस्तावेजों को स्कैन करके अपलोड करना होगा तथा आवश्यक फीस को ऑनलाइन ही काउंसिल के खाते में जमा करना होगा।

- 35 हजार फार्मासिस्टों को मिली ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा



### 35 हजार फार्मासिस्टों को मिलेगा लाभ

*फार्मासिस्ट को अपनी पहचान के लिए अपना आधार नंबर, मोबाइल नंबर देना होगा। जिसमें पंजीयन के नवीनीकरण के लिए व्यक्ति की सही पहचान करके उसके पंजीयन का नवीनीकरण कर दिया जायेगा। इसके पश्चात नवीनीकृत पंजीयन प्रमाण पत्र को डाक के माध्यम से पोस्ट कर फार्मासिस्ट के घर पंहुचा दिया जायेगा। पंजीयन नवीनीकरण के ऑनलाइन मोड से प्रारंभ हो जाने से राज्य के 35 हजार से अधिक फार्मासिस्टों को लाभ होगा।*







हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 19 मई 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

आयुष्मान भवः हेल्थ कॉनक्लेव' के तीसरे सत्र में हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति, विकास और चुनौतियों को लेकर संवाद किया। इस पैनल चर्चा में श्री नारायण हॉस्पिटल के निदेशक एवं ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. सुनील खेमका, कार्डियोलॉजिस्ट एवं निदेशक एसएमसी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स डॉ. सतीश सूर्यवंशी, वरिष्ठ लेप्रोस्कोपिक सर्जन एवं निदेशक अग्रवाल हॉस्पिटल के डॉ. सजन अग्रवाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं निदेशक साईं बाबा हॉस्पिटल के डॉ. आशीष महोबिया, प्लास्टिक सर्जन एवं निदेशक कालड़ा बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी सेंटर से डॉ. सुनील कालड़ा शामिल हुए। कार्यक्रम में आईएनएच न्यूज के एडिटर राजेश लाहोटी और टीम शामिल रही।


स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल और प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी महिला चिकित्सकों का सम्मान करते हुए

विशेषज्ञों ने कहाः अब राजधानी में भी बड़ी बीमारियों का इलाज संभव, आयुष्मान योजना बनी उम्मीद की किरण

# 20 सालों में छत्तीसगढ़ नागपुर से भी आगे निकला, स्वास्थ्य सुविधा भी हुई बेहतर




*रायपुर। चर्चा में प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, मेडिकल सेक्टर में हुए बदलाव और जनता की जरूरतों के अनुरूप सेवाओं को कैसे बेहतर किया जा सकता है, इस पर विस्तार से विचार साझा किए गए। सभी विशेषज्ञों ने माना कि आयुष्मान योजना ने एक नई उम्मीद जगाई है, लेकिन इसके क्रियान्वयन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने की आवश्यकता है।*

**सवालः अक्सर देखा जाता है कि गंभीर बीमारी होने पर लोग इलाज के लिए मुंबई या चेन्नई जैसे बड़े शहरों की ओर रुख करते हैं। इस पर आपका क्या कहना है?**

**जवाब** : विकास हो रहा है, लेकिन आज भी बड़े शहरों में इलाज कराना कई लोगों के लिए स्टेटस सिंबल बन चुका है। जैसे मुंबई के लोग इलाज के लिए लंदन जाते हैं, वैसे ही यहां के लोग बड़े शहरों की ओर जाते हैं। हालांकिए बीते 25 वर्षों में प्रदेश में काफी तरक्की हुई है। अब रायपुर सहित कई शहरों में अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल्स की सुविधाएं मौजूद हैं।



**सवालः राज्य में ऐसे कौन से क्षेत्र हैं, जिन पर सरकार को विशेष ध्यान देने की ज़रूरत है?**

**जवाबः** बीते 20 सालों में छत्तीसगढ़ ने विकास के मामले में नागपुर को भी पीछे छोड़ दिया है। लेकिन, हमें अभी भी कैंसर ट्रीटमेंट और गारमेंट सेक्टर में गंभीरता से काम करने की जरूरत है। रायपुर में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हुई हैं, मगर सरगुजा और बस्तर जैसे क्षेत्रों में अब भी काफी काम किया जाना बाकी है।

**सवाल : अक्सर कहा जाता है कि अस्पताल सेवा का नहीं, बल्कि व्यापार का केंद्र बनते जा रहे हैं। इस चुनौती को आप कैसे देखते हैं? साथ ही, बीते 25 वर्षों में हेल्थ सेक्टर में आए बदलावों को किस तरह आंकते हैं?**

**जवाबः** जब हम अस्पताल खोलने या उसके लिए जमीन खरीदने जाते हैं, तो हमें दोगुनी कीमत बताई जाती है, सिर्फ इसलिए कि हम डॉक्टर हैं। बावजूद इसके, रायपुर के डॉक्टरों की साख आज भी पूरे देश में कायम है। बीते वर्षों में खासकर मोतियाबिंद जैसे मामलों में सरकार ने लगातार काम किया है, जिससे अब स्थिति काफी बेहतर हो चुकी है।

**सवाल : छत्तीसगढ़ में डॉक्टरों को किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?**

**जवाबः** सरकार की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। लेकिन, जब मेडिकल कॉलेज खोलने की बात आती है, तो उसमें तमाम प्रशासनिक और तकनीकी अड़चनें सामने आती हैं। इन चुनौतियों को दूर किए बिना ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार संभव नहीं है।

## आयुष्मान की बढ़ाई जाए राशि, थेरेपी की अन्य सुविधाओं की भी प्रदेश में जरूरत

चौथा पैनल डिस्कशन आयुष्मान योजना पर केंद्रित समस्या और समाधान पर किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य सरकार और अस्पताल के बीच सेतु बनाना रहा। पैनल के दौरान आयुष्मान कार्ड के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभावों पर प्रमुखता से बात रखी गई। इसमें हरिभूमि दैनिक एवं आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी शामिल हुए। कार्यक्रम में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल से डॉ. संदीप दवे, श्री मेडिसिन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. सुशील शर्मा, संजीवनी केयर एंड सीबीसीसी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. युसुफ मेमन, सुयश हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. विवेक केसरवानी और सिंघानिया स्कीन क्लीनिक से डॉ. भरत सिंघानिया मौजूद रहे।




### 1 सवाल- केंद्र सरकार के आयुष्मान योजना के संदर्भ में राय।

**जवाब-** डॉ.संदीप दवे ने बताया कि आयुष्मान कार्ड सरकार की सफल योजना है, जो आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की मदद के लिए बनाई गई है। लेकिन, आयुष्मान कार्ड का वितरण लोगों की आवश्यकता और क्षमता के आधार पर दिया जाना चाहिए। अक्सर अस्पताल में सक्षम व्यक्ति परिजनों का इलाज कराने आयुष्मान कार्ड लेकर पहुंचते हैं, जिससे जरूरतमंद लोगों को यह सुविधा मिलने से परहेज हो जाता है।

### 2 सवाल- आयुष्मान योजना के तहत कैंसर पीड़ित मरीजों के इलाज में मददगार साबित हो रहा है?

*जवाब- डॉ. युसुफ मेमन ने बताया कि आयुष्मान योजना से कैंसर मरीजों के लिए रेडियो कीमो थेरेपी का इलाज सरल हो गया है। लेकिन, कैंसर पीड़ित मरीजों के इलाज में लाखों रुपए की दवाई जरूरी है, जिसके लिए आयुष्मान कार्ड में केवल 50 हजार रुपए ही राशि तय की गई। सरकार से निवेदन है कि दवाइयों की राशि को बढ़ाई जाए और थेरेपी की अन्य सुविधा भी प्रदेश में उपलब्ध कराई जाए।*



### 3 सवाल - आयुष्मान कार्ड से अस्पतालों में किस प्रकार समस्याएं हो रहीं?

**जवाब-** इन दिनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म नकारात्मक खबरों को प्रकाशित करने का सबसे बड़ा आधार बन गया है, जहां गलत और असत्य घटना पर लोग विश्वास करते हैं। पिछली सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड में इलाज मरीजों की राशि देने में असहमत थी। लगभग डेढ़ साल बाद अस्पतालों को पैसा दिया गया है। इस तरह की समस्या से कई छोटे अस्पताल बंद होने के कगार में थे, लेकिन वर्तमान राज्य सरकार ने सभी अस्पतालों को निश्चित राशि दे दी है। आयुष्मान योजना से केंद्र सरकार और अस्पतालों की राशि पहुंचाने की प्रक्रिया थोड़ा सरल होने की आवश्यकता है।


स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का स्वागत करते हरिभूमि के संपादक समन्वय ब्रह्मवीर सिंह


विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का स्वागत करते हरिभूमि के जीएम अनिल गहलावत


सांसद बृजमोहन अग्रवाल का स्वागत करते हरिभूमि के स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा


होम्योपैथी विशेषज्ञ विजय मिश्रा का सम्मान विधायक पुरंदर मिश्रा ने किया


हरिभूमि के आईटी हेड संजीव धीमान ने किया अतिथियों का स्वागत व सम्मान


आईएनएच के इनपुट हेड शैलेश पांडेय और आउटपुट हेड धीरज मिश्रा ने किया अतिथियों का सम्मान


आईएमए रायपुर के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सोलंकी का स्वागत विधायक पुरंदर मिश्रा ने किया


आईएनएच के मार्केटिंग हेड संजय बनवासी ने किया सांसद बृजमोहन अग्रवाल का सम्मान


आईएनएच के आदर्श श्रीवास्तव ने किया महापौर मीनल चौबे का स्वागत


आईएनएच के वरिष्ठ एंकर सनी गंगासागर और माधना पांडेय ने किया मंच संचालन







पंचकर्म के प्रोफेसर डॉ. हरेन्द्र मोहन शुक्ला का सम्मान विधायक पुरंदर मिश्रा ने किया



शंकराचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट के चेयरमैन आईपी मिश्रा का सम्मान करते हुए सर्कुलेशन हेड अनंतराम साहू व हरिभूमि मार्केटिंग हेड प्रशांत तिवारी



कार्यक्रम में विशेषज्ञों एवं अतिथियों के साथ हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की टीम



हरिभूमि के एजीएम नीलेश द्विवेदी ने किया आईपी मिश्रा का सम्मान

### पहले सत्र में तीन अलग-अलग विधा के एक्सपर्ट ने साझा किए अनुभव, दिए जवाब

# इलाज की तीनों विधा उपयोगी, डॉक्टर्स को पढ़ना चाहिए एलोपैथी-होम्योपैथी-आयुर्वेद

रायपुर। इस दुनिया में भगवान के बाद दूसरा स्थान रखने वाले और इलाज की अलग-अलग विधा से जुड़े भगवान हमारे बीच हैं। एमडी आयुर्वेद, पंचकर्म डॉ. हरेन्द्र मोहन शुक्ला, होम्योपैथिक डॉ. विजय शंकर मिश्रा के साथ ही एलोपैथी से डॉ. कुलदीप सोलंकी मौजूद हैं। इनसे किया गया एक सवाल ऐसा रहा, जिसे लगभग सभी ने सहमति देते हुए कहा कि मरीज किस विधि से इलाज चाहता है,यह उसका निर्णय हो सकता है, मगर डाक्टर्स को इलाज की तीनों विधाओं को पढ़ना चाहिए। पहले सत्र का आगाज हरिभूमि के समन्वयक संपादक ब्रह्मवीर सिंह ने गेस्ट एक्सपर्ट के साथ किया।



कार्निवाल में मेडिकल स्टूडेंट्स भी हुए शामिल

**सवाल- डॉ. सोलंकी जी आपने किस मामले में क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू पर केस किया था।**

जवाब - उसके बारे में तो अब सभी लोग जानते हैं। उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सा से पत्नी के कैंसर मुक्त होने का दावा किया था। यह एक तरह से भ्रम फैलाने और लोगों के जीवन को खतरे में डालने जैसा जोखिम है। इसे देखते हुए मैने स्पष्टीकरण देने 850 करोड़ का नोटिस दिया था।

**सवाल- आपको क्या लगता है डॉ. हरेंद्र मोहन शुक्ला जी, यह तर्क संगत है।**

जवाब- पहली बात तो यह है कि डाक्टर साहब ने यह फैसला जल्द बाजी में लिया। इसे चीजों को समझते हुए करते तो शायद ज्यादा कारगर होता। डाक्टर साहब ने इस मामले में थोड़ी जल्दबाजी की।





**सवाल- तीनों ही विधा को मिश्राजी आपसे बेहतर कौन जानता होगा, आपको क्या लगता है।**

जवाब- डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने कहा कि तीनों ही विधा में देश-दुनिया में इलाज किया जाता है। अगर बात करें, कितना कारगर है। इसका कोई पैमाना नहीं है, पेशेंट तीनों ही विधा में चाहे जिस तरह से खुद का इलाज कराए। नियम का पालन करने के साथ ही हमेशा सजग रहना होगा। जो सजग होते हैं, उनका तीनों ही विधा में इलाज संभव है।







डॉक्टर्स की मौजूदगी में यह शाम बेहद शानदार और यादगार बनने वाली है। जब हम तकलीफ में होते हैं, तो भगवान को याद करते हैं। वैसे ही जब बहुत कष्ट में होते हैं, तो हमें डाक्टर्स की याद आती है। आप अपना महत्वपूर्ण समय हमारे साथ साझा कर रहे हैं। इसके लिए पहले तो तहे दिल से आभार व शुक्रिया। चलिए जोरदार तालियों से हम स्वागत करते हैं, क्योंकि आप यह संडे प्रदेश की जनता को दे रहे हैं। महिलाओं से जुड़ी बीमारियों की चर्चा हम इस सेशन में खूबसूरत डॉक्टर्स से करेंगे। जो अपने- अपने फील्ड में माहिर हैं। दूसरे सत्र में एंकर सोनल गेस्ट पैनलिस्ट से जुड़ी। सवालों का जवाब देने के लिए डॉ . भावना सिरोही, डॉ. नीरज पहलाजानी, डॉ. प्रज्ञा सूर्यवंशी, डॉ.सुमन मित्तल, डॉ. मोनिका जिंदल और डॉ. विधि मोदी शामिल हुईं। प्रस्तुत है उनसे बातचीत के अंश...।

# सिजेरियन में नॉर्मल डिलीवरी से ज्यादा एफट्र्स, दूरगामी होता है इसका असर

**सवाल- महिलाओं को होने वाली बीमारी से बचाव के लिए क्या करना चाहिए, कैसे बचाव संभव है?**

जवाब- डॉ. भावना ने कहा कि महिलाओं को किसी भी तरह की समस्या से बचने के लिए समय-समय पर जांच करानी चाहिए। किसी प्रकार की तकलीफ होने पर पेशेंट को तुरंत चेकअप कराना चाहिए। इसे टालने से समस्या पेशेंट ही नहीं, बल्कि डाक्टर्स के लिए भी बढ़ती है। इसका बचाव समय पर जांच से संभव हो सकता है।

**सवाल- भावना मेडम आप से मैं यह जानना चाहती हूं कि छत्तीसगढ़ में आप सेवाएं दे रही हैं, ऐसे में क्या महसूस करते हैं कि छत्तीसगढ़ की क्या स्थिति है?**

जवाब- मैं कैंसर की विशेषज्ञ हूं, तो कैंसर पर अगर फोकस किया जाए तो छत्तीसगढ़ में महिलाओं को सबसे ज्यादा ब्रेस्ट, स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर, बच्चेदानी के नीचे हिस्से वाला कैंसर है। वह काफी बड़ा रूप ले रहा है। अगर लाइफ स्टाइल देखा जाए तो यह एक बड़ा कारण है। मुंह का कैंसर भी बढ़ रहा है। तंबाकू से रिलेटेड यह बीमारी है। इसे कम करने के लिए तंबाकू का सेवन कम करना होगा।





***सवाल- अलग-अलग तरह के कैंसर से आसानी से पेशेंट लड़ रही है, इसको लेकर क्या कहना चाहेंगी?***

जवाब- डॉ. भावना ने बताया कि इम्यूनोलॉजिकल डिसऑर्डर्स या कैंसर आगे ज्यादा बड़ा रूप ले सकता है। अन्य सर्जरी फ्यूचर में अननेसेसरी छत्तीसगढ़ की महिलाओं में बहुत ज्यादा दिखता है। अवेयरनेस का इंपोर्टेंट होता है। किसी भी समस्या से लड़ने के लिए तो यह सच है। देश में अवेयरनेस बाकी और डेवलप्ड कंट्री से कम है। मगर पिछले 20 साल का जो मेरा एक्सपीरियंस है, छत्तीसगढ़ का अवेयरनेस डेफिनेटली बहुत ज्यादा बढ़ी है। इसमें डाक्टर्स और मीडिया का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

**सवाल- डिलीवरी में आयुष्मान कार्ड का कितना अहम योगदान है?**

जवाब- डॉ. सुमन मित्तल ने बताया कि आज जो सुधार की स्थिति दिख रही है, उसका एक बड़ा कारण आयुष्मान भारत योजना है। मैंने वह समय भी देखा है, जब कोई आयुष्मान स्कीम नहीं थी और मैंने सालों तक पेशेंट का बिना आयुष्मान के ट्रीटमेंट किया है। पिछले कुछ सालों से आयुष्मान स्कीम कैंसर के क्षेत्र में काफी योगदान दे रहा है। मरीज को पता है कि अब इलाज प्राइवेट हॉस्पिटल में भी निशुल्क किया जा सकता है।

**सवाल- लैब में जांच रिपोर्ट अलग-अलग आने की वजह क्या है?**

जवाब- राजनांदगांव से आई डॉ . विधि मोदी ने कहा कि ऑथेंटिसिटी के लिए आपको जरूर ध्यान रखना चाहिए कि आप सर्टिफाइड लैब्स में जाएं। आजकल जो छोटे-छोटे लैब्स खोल दिए गए हैं, जो सर्टिफाइड नहीं होते हैं, वहां जाने से बचना चाहिए। उनमें इतना ज्यादा वेरिएशन नहीं होता। कुछ टेस्ट हैं, जिन्हें पेशेंट समझते नहीं हैं।

**सवाल- मां में पाए जाने वाली बीमारी का दूरगामी परिणाम क्या हो सकता है?**

जवाब- डॉ. नीरज ने बताया कि सच्चाई तो यह है कि मां और बच्चा दोनों की हेल्थ पर बीमारी का प्रभाव पड़ता है। लॉन्ग टर्म में नॉर्मल डिलीवरी के मुकाबले में बात करू तो इसके दो पहलू हैं। हम अर्बन डाटा को कंपेयर करें तो सिजेरियन रेट जो है, वह अर्बन पापुलेशन में ज्यादा है। इनफैक्ट सिजेरियन ना होने की वजह से, टिमली सिजेरियन ना होने से कॉम्प्लिकेशंस होते हैं। अर्बन कंट्री के लोग घरों में इंडियन टॉयलेट नहीं रखते हैं, नीचे बैठकर खाना भी नहीं खाया जाता है। इससे नॉर्मल और सिजेरियन डिलीवरी पर भी असर पड़ता है।

**सवाल- सब डॉक्टर आजकल नार्मल और सिजेरियन के लिए एक जैसा चार्ज करते हैं?**

जवाब- डॉ. प्रज्ञा ने कहा कि इन फैक्ट नॉर्मल डिलीवरी में ज्यादा एफट्र्स लगता है। कंपेयर टू सिजेरियन तो वह कोई एंगल नहीं है। लेकिन, एक बच्चा चाहिए, जो हेल्दी हो और नॉर्मल डिलीवरी में थोड़ी देर की परेशानी भी ना हो। यह सब चीज तुरंत तो ठीक लगता है, लेकिन 10- 15 साल के बाद इसका प्रभाव दिखाई देता है। इसकी अनदेखी करने से इसका दूरगामी परिणाम अलग-अलग तरह के कैंसर के रूप में देखा जाता है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अनिशा और गीता अर्जेंटीना में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व



**रायपुर।** बैंग्लोर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही जूनियर इंडिया कोर टीम में शामिल प्रदेश की अनिशा साहू और गीता यादव का चयन अर्जेंटीना के रोसारियो में खेले जाने वाले 4 नेशन हॉकी टूर्नामेंट के लिए किया गया है। यह टूर आने वाले समय में आयोजित जूनियर महिला वर्ल्ड कप 2025 की तैयारियों को लेकर किया जा रहा है। 24 सदस्यों वाली टीम में से ही उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन दिसंबर में होने वाले एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्वकप के लिए किया जायेगा।

ज्ञात हो कि अनिशा साहू विगत 4 वर्षो से जूनियर टीम की सदस्य के रूप में शामिल है तथा गीता यादव भी विगत 2 वर्षों से जूनियर इंडिया टीम के सदस्य के रूप में शामिल हुई है और उन्होने अपने खेल के प्रदर्शन के आधार पर यह जगह बनाई है। छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि अर्जेंटीना के रोसारियो में आगामी 25 मई से 2 जून तक आयोजित होने वाले 4 नेशन टूर्नामेंट में चार देश – अर्जेंटीना, उरुग्वे, चिली और भारत भाग लेंगे। भारतीय टीम अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन करने, टीम संयोजनों का आकलन करने और रणनीतियों को परिष्कृत करने के लिए भाग लेने वाले प्रत्येक देश के खिलाफ दो मैच खेलेगी। अनिशा बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा कर चुकी है, भारतीय हॉकी टीम की ओर से यह उसका तीसरा दौरा होगा जब वह जूनियर महिला इंडिया टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करेगी। इसके साथ ही गीता यादव ने भी बहुत कम समय में यह मुकाम हासिल किया है। उसने 2 वर्ष के भीतर ही टीम में अपना स्थान बनाया है। गीता पूर्व में नीदरलैंड और बेल्जियम का दौरा कर चुकी है। छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि गीता यादव कबीरधाम जिले के ग्राम बोड़ला की रहले वाली है। जिन्हे शुरूआती समय में उनके पहले कोच शिव सिंह चौहान ने हॉकी खेलना सिखाया। कुछ समय बाद उन्होंने राजनांदगांव में रहकर कोच अनुराज श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हॉकी के गुण सीखे है। उसके बाद उनका चयन खेलो इंडिया सेंटर बहतराई बिलासपुर के लिए हुआ था। दोनो ही खिलाडी विगत कई वर्षों तक छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर से राष्ट्रीय स्पर्धाओं में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकें है। टूर्नामेंट में भारत अपना पहला मैच चिली के साथ खेलेगी।

### खेलो इंडिया बीच गेम्स में छत्तीसगढ़ के तीन निर्णायक



**रायपुर।** भारत सरकार खेल मंत्रालय एवं भारतीय खेलप्राधिकरण के द्वारा आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स 19 से 24 मई को घोंगला बीच दमन एंड दीव में आयोजित हो रहा है। प्रतियोगिता में पेंचाक सिलाट खेल के लिए छत्तीसगढ़ के तीन निर्णायकों को आमंत्रित किया गया है। जिनमे शेख समीर बिलासपुर, ममता पांडे बस्तर, लेखा सोनी राजनांदगांव शामिल है। प्रदेश संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मनीष बाग, वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी सुशील मिश्रा, प्रदेश एथलेटिक संघ के महासचिव अमरनाथ सिंह, पैरालंपिक जूडो संघ के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष गोयल, मनीष निषाद, सूर्यकांत वर्मा, अभिषेक देवांगन, शेख अरबाज अली, आशीष जायसवाल तांडी ने बधाई दी है।

### खेलो इंडिया में छत्तीसगढ़ मल्लखंब टीम दीव रवाना



**रायपुर।** केन्द्र शासित प्रदेश दीव के घोघला बीच में 19 से 21 मई तक आयोजित होने वाले प्रथम खेलो इंडिया बीच गेम्स के लिए छत्तीसगढ़ की मल्लखंब टीम 17 मई को दीव के लिए रवाना हुई। छत्तीसगढ़ की मल्लखंब टीम में बालिका वर्ग से मोनिका पोटाई ,नारायणपुर दुर्गेश्वरी कुमेटी,नारायणपुर अनिता गोटा,नारायणपुर सरिता पोयम,नारायणपुर संतय पोटाई, नारायणपुर रोशनी धीवर, बिलासपुर पुरुष टीम राकेश कुमार वढ़दा, नारायणपुर मानू ध्रुव,नारायणपुर राजेश सलाम, नारायणपुर मोनू नेताम,नारायणपुर संतोष सोरी,नारायणपुर और प्रतीक बंजारे बिलासपुर शामिल हैं। अधिकारियों की टीम में डॉ मिलिंद भानदेव, कोच बिलासपुर सौरव पाल,कोच,नारायणपुर पूनम प्रसाद, प्रबंधक,नारायणपुर मनोज प्रसाद, तकनीकी अधिकारी नारायणपुर शामिल है। यह जानकारी प्रेमचंद शुक्ला, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मलखंब संघ ने दी।

● लिवर-किडनी के लिए कम उम्र से ही बरतें सावधानियां

# लिवर-किडनी को सेहतमंद रखना पहली जरूर गांठ बांध लें कुछ बातें तो नहीं उठानी पड़ेगी मुश्किलें

लिवर और किडनी दोनों ही हमारे शरीर के महत्वपूर्ण कार्यों में विशेष भूमिका निभाती हैं। शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने, मेटाबॉलिज्म को ठीक रखने और खून को फिल्टर करने के लिए भी इनका ठीक तरीके से काम करते रहना आवश्यक है।

लिवर और किडनी हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं, हालांकि लाइफस्टाइल और आहार की गड़बड़ी ने इन दोनों अंगों की सेहत को बुरी तरह से प्रभावित किया है। हम क्या खाते हैं, किसी तरह का जीवन जीते हैं, इन सभी का हमारे स्वास्थ्य पर असर हो सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ कम उम्र से ही सेहत की देखभाल को लेकर अलर्ट रहने की सलाह देते हैं।

लिवर और किडनी दोनों ही हमारे शरीर के महत्वपूर्ण कार्यों में विशेष भूमिका निभाती हैं। शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने, मेटाबॉलिज्म को ठीक रखने और खून को फिल्टर करने के लिए भी इनका ठीक तरीके से काम करते रहना आवश्यक है।



### खान-पान, जीवनशैली को ठीक रखने पर दें ध्यान



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लिवर-किडनी को स्वस्थ रखने के लिए सही खान-पान, जीवनशैली को ठीक रखने के साथ कुछ विशेष सावधानियां भी जरूरी हैं। कई शोध बताते हैं कि इन दोनों अंगों को हमारी जिस एक आदत के कारण सबसे ज्यादा क्षति हो रही, शराब पीना उनमें से एक है। शराब से लिवर कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, इससे फैटी लिवर और सिरोसिस जैसी दिक्कतों का खतरा बढ़ जाता है।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर हेल्थ की एक रिपोर्ट के अनुसार, लंबे समय तक अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन लिवर और किडनी फेलियर के खतरे को कई गुना तक बढ़ा देता है।

### प्रोसेस्ड फूड और अधिक नमक से करें परहेज

प्रोसेस्ड फूड में हाई सोडियम और इसे लंबे समय तक बचाए रखने के लिए केमिकल्स होते हैं, जो किडनी की कार्यप्रणाली पर असर डालते हैं और उच्च रक्तचाप को बढ़ावा देते हैं। जर्नल ऑफ अमेरिकन सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी की एक रिपोर्ट अनुसार, ज्यादा नमक खाने से किडनी की कार्यक्षमता पर नकारात्मक असर हो सकता है। अत्यधिक नमक के कारण लिवर की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

लिवर-किडनी को स्वस्थ रखने के लिए कम उम्र से ही सभी लोगों को कुछ और सावधानियां बरतनी चाहिए। तंबाकू से दूरी बनाएं। इसमें मौजूद टॉक्सिन्स लिवर और किडनी दोनों को नुकसान पहुंचाते हैं और कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं। कम पानी पीना भी खतरनाक है। पानी शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है, ऐसे में कम पानी पीने से शरीर में विषाक्तता बढ़ सकती है।

पेनकिलर या एंटीबायोटिक दवाओं का ज्यादा सेवन भी लिवर और किडनी को नुकसान पहुंचा सकता है। व्यायाम से वजन, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है। जो लोग व्यायाम नहीं करते हैं उनमें भी लिवर-किडनी की समस्याएं अधिक देखी जाती हैं।

## हार्ट को नुकसान पहुंचा सकती हैं ये डाइट हैबिट्स, बचकर रहें



जब भी खुद को सेहतमंद रखने की बात होती है तो हम सभी सिर्फ वजन कम करने पर ही फोकस करते हैं और हार्ट हेल्थ को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। शायद यही वजह है कि आज के समय में कम उम्र में ही लोगों को ब्लड प्रेशर व हार्ट अटैक की समस्या हो रही है। क्या आपको पता है कि हमारे दिल पर हमारी रोज़मर्रा की खाने-पीने की आदतों का काफी असर पड़ता है, बस हमें इसका पता नहीं चलता।

कई बार हम टीवी देखते-देखते एक्स्ट्रा चिप्स खाना या फिर स्वाद के चक्कर में बटर से लदा दूसरा पराठा खा लेना या फिर खाने के साथ कोल्ड ड्रिंक पीने की आदत कहीं ना कहीं अनजाने में हमारे दिल पर असर डालती हैं। यहां तक कि लोगों को इस बात की जानकारी तक नहीं होती कि कौन-सी चीज़ें धीरे-धीरे उनके दिल की सेहत बिगाड़ रही हैं। उन्हें इस बात का जब तक पता चलता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। हाई कोलेस्ट्रॉल या हाई बीपी की समस्याएं सब एक दिन में नहीं होती, बल्कि ये सालों की लापरवाह खाने-पीने की आदतों का नतीजा होता है। तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी आपको कुछ ऐसी ही डाइट हैबिट्स के बारे में बता रही हैं, जो आपके दिल को काफी हद तक नुकसान पहुंचा सकती हैं-

### बहुत ज्यादा तली-भुनी और ऑयली चीज़ें खाना



हम सभी को पकौड़े, समोसे, भटूरे और स्ट्रीट फूड खाना बहुत पसंद आता हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि ये चीजें आपकी सेहत खासतौर से आपके दिल को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इन्हें बार-बार खाने से शरीर में चर्बी जमा होने लगती है। ये चर्बी हमारी नसों को ऐसे ब्लॉक कर देती है और फिर दिल को खून पंप करने में दिक्कत होने लगती है। इसलिए, जहां तक संभव हो, आप तली-भुनी और ऑयली चीज़ें खाने से बचने की कोशिश करें। अगर आपका इन चीजों को खाने का मन है तो ऐसे में आप एयर फ्रायर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### ज़रूरत से ज़्यादा नमक खाना

अक्सर हम ऐसी चीजों को अपनी डाइट में शामिल करते हैं, जिन्हें बहुत अधिक नमक होता है और हम अनजाने में उसे खाते हैं। अचार, पापड़, चिप्स, रेडी-टू-ईट नूडल्स और यहां तक कि केचअप में भी ढेर सारा नमक छिपा होता है। ज़्यादा नमक खाने से ब्लड प्रेशर बहुत तेजी से बढ़ने लगता है। जब बीपी हाई होता है तो ऐसे में आपके दिल को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। इसलिए, खाना बनाते वक्त नमक कम डालो। पैकेट वाले खाने के लेबल ज़रूर पढ़ो। ताज़ा घर का बना हुआ फूड खाना प्रोसेस्ड चीज़ों से बेहतर है।

### बहुत ज्यादा मीठा खाना

हम सभी को मीठा खाना काफी अच्छा लगता है। गुलाब जामुन, केक, चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक जैसी चीजों को खाने से वज़न बढ़ता है और इससे ब्लड शुगर पर भी असर पड़ता है। जिससे डायबिटीज़ का रिस्क बढ़ जाता है। यह तो हम सभी जानते हैं कि डायबिटीज़ का दिल की बीमारियों से सीधा कनेक्शन है। इसलिए मीठे से परहेज करने की कोशिश करें। अगर आपका मीठा खाने का मन है ।



## शहद के नाम पर मिल रहा है चीनी का सिरप, असली को ऐसे पहचानें



बाजार में चमचमाते जार में बंद मीठा-सा सिरप देखकर हम यह मान लेते हैं कि वह शुद्ध शहद है। दुकानदार भी अक्सर यही दावा करते हैं, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि जिसे आप 'हनी' समझ रहे हैं, वह असल में क्या है?

बहुत बार यह सिर्फ शहद का नाम लेकर बेचा जा रहा चीनी का सिरप होता है। इसमें केमिकल्स मिलाए जाते हैं और रंग डालकर इसे शहद जैसा बनाया जाता है। यह न सिर्फ आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है, बल्कि आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी कमजोर करता है।

ऐसे में आपके काम आएंगे दादी और नानी के वे नुस्खे जिनकी मदद से आप असली शहद ढूंढ निकालेंगी। यह लेख आपको न केवल असली और नकली शहद में फर्क करना सिखाएगा, बल्कि आपको खरीदारी करते वक्त किन चीजों को ध्यान रखना है, वो भी बताएगा।

### शहद में मिलावट कैसे होती है?

शहद में मिलावट कई तरीकों से की जाती है। इसमें सबसे आम तरीका है ग्लूकोज, शुकरोज या फ्रक्टोज सिरप को शहद में मिलाना। यह सिरप बाजार में सस्ता और आसानी से उपलब्ध होता है, जिससे शहद की मात्रा बढ़ाई जाती है।ब्राउन राइस सिरप को शहद में मिलाना एक नई तकनीक है जिससे नकली शहद असली जैसा दिखता है। यह ट्रांसपेरेंट और गाढ़ा होता है, जिससे पहचानना मुश्किल होता है। कुछ लोग पूरी तरह से नकली शहद बनाते हैं, जिसमें सिर्फ रंग, फ्लेवर, सिरप और प्रिजर्वेटिव मिलाकर हनी जैसा दिखाया जाता है। इनवर्ट शुगर को एसिड या एंजाइम की मदद से बनाया जाता है और यह भी शहद जैसा दिखता है।

### कपड़े पर शहद गिरा कर जांचें

एक कॉटन के सफेद कपड़े पर कुछ बूंदें शहद की टपकाएं और देखें कि क्या वह कपड़े में फैलता है। असली शहद एक जगह टिकेगा और कोई निशान नहीं छोड़ेगा, जबकि नकली शहद या मिलावटी सिरप फैलकर पीला धब्बा बना देगा।

### असली शहद को फ्लेम टेस्ट से पहचानें

एक रुई की बत्ती को शहद में डुबोकर उसे जलाएं। अगर बत्ती आसानी से जल जाती है, तो शहद असली है, क्योंकि उसमें नमी कम होती है। नकली या मिलावटी शहद में मौजूद पानी और सिरप के कारण वह बत्ती जलती नहीं या चटकती है। सिरके की मदद से भी आप शहद को पहचान सकते हैं। यह ट्रिक आपके काम जरूर आएगी। इसके लिए थोड़े से शहद में कुछ बूंदें सफेद सिरके की मिलाएं।

## बड़ा से बड़ा वास्तु दोष होगा दूर, मंगलवार और शनिवार के दिन करें ये महा उपाय

कई बार हमारे घर पर ऐसी कई समस्याएं आती हैं जिनका कारण जान पाना मुश्किल होता है। दरअसल इन सभी का कारण आपके घर में मौजूद वास्तु दोष हो सकते हैं। किसी भी तरह के दोष को दूर करने के लिए आप यहां बताया गया आसान उपाय आजमा सकते हैं।

भारतीय संस्कृति और धर्म में स्वस्तिक को अत्यंत शुभ एवं पवित्र चिह्न माना गया है। यह न केवल धार्मिक अनुष्ठानों में प्रयुक्त होता है, बल्कि वास्तु शास्त्र और ज्योतिष में भी इसका विशेष महत्व है। स्वस्तिक घर में सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है और नकारात्मक शक्तियों को दूर करने में सहायक होता है। ऐसा माना जाता है कि अगर किसी घर में कोई भी वास्तु दोष है, तो उसे दूर करने के लिए आपको घर पर स्वस्तिक का चिह्न जरूर बनाना चाहिए। यही नहीं यदि आप सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शनिवार के दिन घर के मुख्य द्वार पर स्वस्तिक बनती हैं तो इससे आपको भविष्य में शुभता मिलने के योग बढ़ जाते हैं।



घर में बनाया गया स्वस्तिक न केवल आपके घर की आर्थिक स्थिति को ठीक करता है, बल्कि परिवार के सदस्यों को भी मानसिक शांति और सफलता प्रदान करता है। आपके घर पर कोई भी बड़ा से बड़ा वास्तु दोष क्यों न हो आप स्वस्तिक के इस उपाय से उसे दूर कर सकते हैं। आइए सेलेब्रिटी एस्ट्रोलॉजर प्रदुमन सूरी से जानें इसके बारे में विस्तार से कि आपको स्वस्तिक कहां और किस दिन बनाना चाहिए जिससे वास्तु दोषों से मुक्ति मिले।

आपके घर के किसी भी स्थान पर वास्तु दोष क्यों न हो आपको इसे दूर करने के लिए सप्ताह के दो दिनों में घर पर स्वस्तिक जरूर बनाना चाहिए। मंगलवार और शनिवार को स्वास्तिक बनाने का विशेष महत्व होता है। घर में मंगलवार और शनिवार के दिन स्वास्तिक बनाने का विशेष कारण यह है कि इन दोनों दिनों का संबंध मंगल और शनि ग्रह से होता है। मंगल ग्रह ऊर्जा, साहस और शक्ति का प्रतीक है, जबकि शनि ग्रह कर्म और न्याय का प्रतीक है। यदि किसी व्यक्ति के जीवन में वास्तु दोष के कारण परेशानियां बनी रहती हैं, तो यह उपाय बहुत प्रभावी होता है।

घर पर स्वास्तिक बनाने के लिए सबसे पहले मुख्य द्वार को अच्छी तरह से साफ करें और शुद्ध जल से पोछा लगाएं। आप मुख्य द्वार पर हल्दी, कुमकुम, रोली या चंदन से स्वस्तिक बना सकते हैं। जिससे यह आपके घर पर पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'मिशन इम्पॉसिबल 8' के प्रीमियर पर स्टैंडिंग ओवेशन, इमोशनल हुए टॉम



कान फिल्म फेस्टिवल में टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' का प्रीमियर हुआ। इस दौरान दौरान कुछ ऐसा हुआ कि टॉम क्रूज काफी भावुक हो गए। कान फिल्म फेस्टिवल 2025 का दूसरा दिन हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज और उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' के नाम रहा। दूसरे दिन जब टॉम क्रूज कान की रेड कार्पेट पर पहुंचे तो लोगों का शोर काफी बढ़ गया। इसके बाद 'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' का प्रीमियर हुआ। फिल्म को कान में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। 'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' को स्टैंडिंग ओवेशन मिला और काफी देर तक लोग फिल्म की तारीफ में तालियां बजाते रहे। जिसे देखकर टॉम क्रूज भावुक हो गए। कान में 'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' को मिली प्रतिक्रिया से फिल्म की पूरी टीम काफी खुश और भावुक हो गई। मिशन इम्पॉसिबल फ्रेंचाइजी की आखिर कड़ी के साथ इस फ्रेंचाइजी को अलविदा कहते हुए टॉम क्रूज इमोशनल हो गए। दर्शकों के भारी समर्थन के लिए टॉम क्रूज ने उनका शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर हॉलीवुड स्टार ने कहा, "यह प्रतिक्रिया ही है जिसकी वजह से हम ऐसा करते हैं। आप ही हैं जिसकी वजह से हम ऐसा करते हैं। ये बड़े पर्दे का अनुभव ही है जिसकी वजह से हम ऐसा करते हैं।" 'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' के निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी ने इस दौरान कहा, "यहां आने और हमारा समर्थन करने के लिए आप सभी का धन्यवाद।

### टॉलीवुड

## कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' का ट्रेलर रिलीज, 70 की उम्र में करते दिखे धुंआधार



कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म के ट्रेलर को देखने के बाद यूजर्स के अलग-अलग रिएक्शन्स देखने को मिल रहे हैं। साउथ एक्टर कमल हासन की मच अवेटेड फिल्म 'ठग लाइफ' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। 2 मिनट के इस ट्रेलर में दिग्गज अभिनेता का दमदार एक्शन फैंस का ध्यान खींच रहा है। ट्रेलर में इमोशन्स, ड्रामा और धुंआधार एक्शन देखने को मिल रहा है। मणि रत्नम की फिल्म 'ठग लाइफ' के ट्रेलर में सबसे पहले कमल हासन को दिखाया जाता है। राजधानी दिल्ली के बैकग्राउंड में कहानी को दिखाया जा रहा है। ट्रेलर में सबसे पहले एक बच्चे से कमल हासन कहते हैं- 'जान तूने ही बचाई है मेरी, यमराज के चंगुल से बाहर निकाल लाया है मुझे।' इसके बाद वो बच्चे से कहते हैं कि अब से तू और मैं आखिरी तक एक साथ रहेंगे। इसके बाद दिखाया गया है कि वो बच्चा जिसका नाम अमर है, अब बड़ा हो चुका है और कमल हासन के साथ उसका बॉन्ड और रिश्ता ही पूरी फिल्म की नींव के तौर पर नजर आ रहा है।

### भोजपुरी

## चार साल बाद ऑनलाइन रिलीज हुई अरविंद की फिल्म, घर बैठे देखें



भोजपुरी एक्टर और सिंगर अरविंद अकेला कल्लू की एक सुपरहिट फिल्म 'प्यार तो होना ही था' 2021 में रिलीज हुई थी, जिसे अब ऑनलाइन अपलोड कर दिया गया है। स्टार ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी है। भोजपुरी स्टार अरविंद अकेला कल्लू की लगभग 4 साल पहले एक फिल्म आई थी, जिसका नाम 'प्यार तो होना ही था' है। इस फिल्म में अरविंद अकेला लीड एक्टर थे और उनके साथ दो एक्ट्रेसेस यामिनी सिंह और कनक यादव दिखी थीं। फिल्म हिट हुई थी और इसके गाने भी खूब पसंद किए गए थे। अब ये फिल्म आप घर बैठे ऑनलाइन बेहतरीन क्वालिटी में बिल्कुल फ्री में देख सकते हैं।

अरविंद अकेला के गानों का इंतजार तो फैंस को काफी रहता है, लेकिन उनकी फिल्मों का इंतजार भी लोग करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अरविंद अकेला की फिल्में काफी मजेदार और सोशल मैसेज वाली होती हैं। भोजपुरी फिल्म 'प्यार तो होना ही था' ऑनलाइन कहां देखा जा सकता है, आइए जानते हैं।

डीआरजे रिकॉर्ड्स भोजपुरी नाम के इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट शेयर किया गया। इसमें फिल्म 'प्यार तो होना ही था' का पोस्टर शेयर किया गया है और इसके कैप्शन में लिखा गया, 'भोजपुरी सुपरस्टार अरविंद अकेला कल्लू और खूबसूरत अदाकारा यामिनी सिंह की रोमांटिक जोड़ी लेकर आई है एक नई सुपरहिट फिल्म 'प्यार तो होना ही था'। पूरी फिल्म अब देखिए हमारे यूट्यूब चैनल पर।"

डीआरजे रिकॉर्ड्स यूट्यूब चैनल पर अरविंद अकेला कल्लू की फिल्म 'प्यार तो होना ही था' 16 मई को अपलोड की गई है। ये फिल्म 5 मार्च 2021 को यूपी, बिहार और झारखंड के थिएटर्स में रिलीज हुी थी, जिसका निर्देशन प्रमोद शास्त्री ने किया था। फिल्म में अरविंद अकेला और यामिनी सिंह के अलावा पुष्पा वर्मा, अनूप अरोड़ा, बलेश्वर सिंह जैसे भोजपुरी कलाकार नजर आए हैं। पैराडाइस प्रोडक्शन बैनर तले बना गाना 'मेहरी बवलिया' 18 मई को यूट्यूब पर रिलीज किया गया। पैराडाइस के इंस्टाग्राम पेज पर इस गाने का पोस्टर शेयर किया गया है।

पोस्ट शेयर करते हुए लिखा गया, "बहुत जल्द आप सबके बीच आ रहा है मेहरी बवलिया अरविंद अकेला कल्लू की आवाज में आराध्या म्यूजिक जोन यूट्यूब चैनल पर।"

## लाइफ स्टाइल

### अनामिका का कलेक्शन




लैक्मे फैशन वीक के 25वें साल पर रनवे बोल्ड विचारों, शिल्प कौशल और फैशन के लिए दर्शनीय बन गया। यह वह मंच है, जहाँ भारत के सबसे बड़े डिजाइनर और उभरते सितारे अपनी उत्साहजनक भागीदारी देते आए हैं। इस शो में डिजाइनर अनामिका खन्ना ने अपना नवीनतम कलेक्शन पेश किया। जिसमें उन्होंने कई विरोधाभासों का इस्तेमाल किया है। पूरे कलेक्शन में एक खास विशेषता ऑक्सीडाइज़्ड सिल्वर टोन का उपयोग था। मेटैलिक रंग वैभव के बारे में कम और शांत शक्ति के बारे में अधिक महसूस करते हैं, जो पावर ड्रेसिंग को फिर से परिभाषित करने के कलेक्शन की थीम को मूर्त रूप देते हैं।

## बिना रिमूवर के छुड़ानी है नेल पॉलिश तो अपनाएं कुछ खास तरीके

महिलाएं अपनी खूबसूरती बढ़ाने के लिए अक्सर कई चीजों का इस्तेमाल करती हैं। चाहे कपड़ों की बात हो या फिर मेकअप की, महिलाएं हर उम्र में अलग-अलग चीजों का इस्तेमाल करके स्टाइलिश दिखना चाहती हैं। आजकल तो कपड़ों के साथ मैचिंग की नेल पॉलिश लगाने का भी काफी ज्यादा ट्रेंड है। नेल पॉलिश लगाना तो काफी आसान होता है लेकिन इसे हटाते वक्त काफी मुश्किल होती है।

कई बार दिक्कत तब सामने आती है जब हम पुरानी नेल पॉलिश हटाना चाहते हैं लेकिन हमारे पास नेल रिमूवर नहीं होता। ऐसे में महिलाएं पुरानी नेल पॉलिश के ऊपर ही नई नेल पॉलिश लगा लेती हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू तरीके बताने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से आप बिना नेल रिमूवर के भी नेल पॉलिश हटा सकते हैं। इन तरीकों को इस्तेमाल करने के लिए आपको ज्यादा कुछ मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



**टूथपेस्टः** जिस तरह से दातों को चमकाने के लिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल होता है, ठीक उसी तरह से इसकी मदद से नाखूनों को भी चमका सकते हैं। इसके लिए नाखूनों पर टूथपेस्ट लगाएं और नाखूनों को हल्के ब्रश की मदद से हल्का सा रगड़े। ऐसा करने से नेल पॉलिश छुट जाएगी।

**टूथपेस्ट और बेकिंग सोडाः** अगर आप टूथपेस्ट में बेकिंग सोडा मिलाकर इसे नाखूनों पर लगाएंगी तो इससे भी पुरानी नेल पॉलिश छुट जाएगी।

**गर्म पानी** :अगर आप गर्म पानी की मदद से नेल पॉलिश हटाना चाहते हैं तो इसके लिए थोड़ा सा पानी गर्म कर लें। इसके बाद नाखूनों को 25-30 मिनट तक गर्म पानी में भिगोकर रखें। धीरे-धीरे नेल पेंट अपने आप छूट जाएगी।

**नींबूः** आप गर्म पानी में नींबू का रस मिलाकर भी नेल पॉलिश को छुड़ा सकती हैं। इसकी मदद से आपके नाखून एक दम साफ हो जाएंगे।

**हाइड्रोजन पेरॉक्साइडः** गर्म पानी में हाइड्रोजन पेरॉक्साइड को मिलाकर आप पुरानी नेल पॉलिश को हटा सकते हैं। हाइड्रोजन पेरॉक्साइड में नाखूनों में मिलाने के बाद नेल फाइलर से रब करने पर नेल पॉलिश रिमूव हो जाएगी।

**सिरकाः** नेल पॉलिश हटाने के लिए आप सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सिरके में नींबू का रस मिलाकर हाथों पर लगाएं और फिर 10 मिनट बाद गर्म पानी से धोने पर नेल पॉलिश अपने आप हट जाएगी।

## ड्रेस पहनते वक्त दिखता है मोटापा तो जरूर रखें इन बातों का ध्यान

फैशन





जिस तरह से हर लड़की का चेहरा अलग दिखता है, ठीक उसी तरह से उनका बॉडी टाइप भी अलग होता है। ऐसे में हमेशा अपने शरीर के हिसाब से ही कपड़े पहनने चाहिए। लड़के कपड़े खरीदते वक्त ज्यादा ध्यान नहीं देते, पर हर लड़की अपने कपड़ों को काफी ध्यान से ही खरीदती है। वैसे तो हर लड़की को वो सब कपड़े पहनने चाहिए, जिसे पहनकर उनका आत्मविश्वास बढ़ता हो लेकिन कई बार लड़कियां अपने बढ़ते वजन को देखकर काफी परेशान हो जाती हैं।

खासकर जब बात आती है वेस्टर्न ड्रेस पहनने की तो लड़कियों को ये बात काफी परेशान करती है कि कहीं वो वेस्टर्न ड्रेस में स्टाइलिश दिखने की बजाय अजीब ना दिख रही हों। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे, जिनको अपनाकर आप ड्रेस पहनकर भी अपना मोटापा छिपा सकती हैं। इन बातों को ध्यान में रखकर आप वेस्टर्न ड्रेस में भी क्लासी दिख सकती हैं।

### बेल्ट को कहें बॉय-बॉय

अगर आपका पेट ज्यादा दिख रहा है तो कभी भी ड्रेस पहनते वक्त उस पर बेल्ट ना लगाएं। अगर आप बेल्ट लगाएंगी तो ये आपके लुक को खराब कर सकता है।

अगर आपका पेट निकला हुआ है तो बॉडीकॉन ड्रेस से दूर ही रहें। बॉडीकॉन ड्रेस में शरीर का हर अंग अलग से दिखता है। अगर आप ये पहनना चाहती हैं तो इसके अंदर टमी टकर जरूर पहनें।

रफल वाली ड्रेस काफी फूली-फूली होती हैं, जिसके चलते ये आपका बेली फैट छुपाने में मददगार होती है। ये देखने में भी काफी ज्यादा क्लासी और स्टाइलिश होती है।

ड्रेस के अलावा आपको अन्य कपड़ों के लिए भी कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। जो हाई वेस्ट जींस होती है वो बाहर निकले पेट को छिपाने में मददगार होती है। ऐसे में आप रोजाना की लाइफ में हाई वेस्ट जींस आसानी से पहन सकती हैं।

अगर आपका पेट निकला है तो कपड़े खरीदते वक्त हमेशा पैटर्न का ध्यान रखें। वर्टिकल पैटर्न वाली ड्रेस आपके बैली फैट को छिपाने के काम आती है। ये आपके ऊपर अच्छी भी लगेगी।

## चेहरे पर हैं पिगमेंटेशन के निशान तो घर पर तैयार करें ये फैसपैक

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे शरीर में कई तरह के बदलाव सामने आते हैं। उम्र बढ़ने के अलावा आजकल के खानपान, तनाव और यूवी किरणों की वजह से भी शरीर में कई तरह की परेशानियां सामने आती हैं। इन सबका सबसे ज्यादा असर चेहरे पर ही दिखाई देता है। इसी वजह से चेहरे पिगमेंटेशन, ब्लैक स्पॉट, पिंपल्स दिखाई देने लगते हैं। घरेलू नुस्खे या फिर दवाइयों की मदद से हम इन परेशानियों से तो छुटकारा पा लेते हैं लेकिन परेशानी तब सामने आती है जब ये दिक्कतें तो सही हो जाएं लेकिन इनके दाग चेहरे पर रह जाएं।

आपकी इसी परेशानी को देखते हुए आज के लेख में हम आपको इनसे छुटकारा पाने के तरीके बताने जा रहे हैं। अगर आपके चेहरे पर पिगमेंटेशन के निशान हैं तो घर पर आप इस फेसपैक बनाकर इससे छुटकारा पा सकते हैं। इस पैक को बनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

अगर आप ये पैक बनाने जा रही हैं तो सबसे पहले एक बाउल में दो चम्मच दही लेकर उसे फेंट लें। इसके बाद इसमें चावल का



पाउडर मिलाकर उसमें मुल्तानी मिट्टी मिलाएं। एक चुटकी हल्दी, दो बूंद नींबू का रस और शहद मिलाकर इसका पेस्ट तैयार करें। बस आपका फैसपैक तैयार है।

### लगाने की विधि

इस फेसपैक को लगाने के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को अच्छे से धो लें। अब किसी ब्रश की मदद से इस पेस्ट को चेहरे से लेकर गले और गर्दन में अच्छे से लगाएं।

## अगर छोटी है आपकी आंखें तो ऐसे करें मेकअप

रोजाना की जिंदगी में महिलाएं मेकअप करना काफी पसंद करती हैं। अक्सर आपने देखा होगा कि छोटी आंख वाली महिलाएं मोटा-मोटा आई लाइनर लगा लेती हैं। उन्हें लगता है कि मोटा आई लाइनर लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं है। अगर आप अपनी आंखों को आकर्षित दिखाना चाहती हैं तो कोशिश करें यह विंग्ड आईलाइनर हो। मोटा आईलाइनर आपके लुक को खराब कर सकता है। अपने ड्रेसअप के हिसाब से ही विंग्ड आई लाइनर लगाएं। ऐसा माना जाता है कि काजल लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं, पर अगर आप सही तरीके से काजल नहीं लगाएंगी तो आपका लुक खराब दिखेगा। इतना ही नहीं ऐसा करने से आपकी आंखें भी



अजीब दिखेंगी। अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो हमेशा वॉटर लाइन पर ही काजल लगाएं। इससे आपकी आंखें खूबसूरत लगेंगी। आंखों के मेकअप में मस्कारा का काफी अहम रोल होता है। छोटी आंख वाली महिलाएं इसका इस्तेमाल करते वक्त ध्यान रखें कि आप कम मात्रा में ही मस्कारा का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही बार-बार मस्कारा का कोट ना लगाएं, इससे पूरा लुक बिगड़ सकता है। अपना आई मेकअप शुरू करने से पहले आई बेस जरूर लगाएं। एक तो इसके इस्तेमाल से आपकी आंखें और ज्यादा खूबसूरत दिखेंगी और साथ में इसकी वजह से आपका मेकअप हाईलाइट होगा।


### कार्नर न्यूज

### सुनहरा भविष्य है नौजवानों के लिए मॉडलिंग के क्षेत्र में

## सुपर मॉडल की कमाई होती है फिल्मी सितारों से ज्यादा, करोड़ों में खेलते हैं मॉडलिंग को करियर चुनने वाले

दुनिया की टॉप मॉडलों की कमाई किसी भी फिल्मी सितारे से कहीं ज्यादा होती है। आप यकीन न करें लेकिन मॉडलिंग में करियर बनाने वाले मॉडल आज करोड़ों में खेलते हैं। आंकड़े बताते हैं कि कैंडल जेनर (अमेरिका) की कमाई 2.12 करोड़ डॉलर, गिजेल बुंडचेन (ब्राजील) की 1.175 करोड़ डॉलर, क्रिसी टाइगन (अमेरिका) की 1.135 करोड़ डॉलर, आड्रियाना लीमा (ब्राजील) की 1.105 करोड़ डॉलर, गिगी हैडिड (अमेरिका) की 95 लाख डॉलर, रोजी हनटिंग्टन-व्हाइटली (यूके) की 95 लाख डॉलर, कार्ली क्लोस (अमेरिका) की 90 लाख डॉलर, लियु वेन (चीन) की 65 लाख डॉलर, बेला हैडिड (अमेरिका) की 60 लाख डॉलर और एश्ले ग्रैहम (अमेरिका) की कमाई 55 लाख डॉलर है।

सबसे ज्यादा कमाई सुपर मॉडलों की होती है। गिजेले बुंडचेन ने रिटायर हो जाने के बावजूद 3 करोड़ डॉलर की कमाई कर ली। सामान्य मॉडल भी एक साल में 18,000 से 3,00,000 डॉलर तक की कमाई कर लेती हैं। बड़े



डिजायनर तो फैशन शो से करोड़ों कमाते हैं। फैशन उद्योग में अकेले डिजायनरों तक की औसत कमाई साल में करीब 1,00,000 डॉलर है। फैशन उद्योग में पर्दे के पीछे भी बहुत से लोग काम करते हैं। हेयर स्टाइलिस्ट साल में 42,000 डॉलर, मेकअप आर्टिस्ट 60,000 डॉलर तक, ड्रेस स्टाइलिस्ट 69,000 डॉलर तक, फैशन पत्रिकाओं के संपादक 20 लाख डॉलर तक, उनके असिस्टेंट 40,000 डॉलर तक, पत्रकार



78,000 डॉलर तक, फैशन लेबल के पीआर मैनेजर 92,000 डॉलर तक और फोटोग्राफर साल में करीब 62,000 डॉलर तक कमा लेते हैं। बाकी दुनिया की तरह भारतीय फैशन उद्योग भी तेजी से छलांग लगा रहा है। यहां भी फैशन डिजाइनर्स और मॉडल्स की ऊंची कीमत लगती है। उनमें मनीष मल्होत्रा, तरुण तहिलियानी, रितु बेरी, जे.जे। वालया, रोहित बाल, रितु कुमार, वेंडेल रोड्रीक्स, सब्यसाची मुखर्जी, विक्रम फडनीस, मनीष अरोड़ा, जूही चावला, उर्मिला मातोंडकर, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट, लारा दत्ता, कैटरीना कैफ़, दीया मिर्जा, ईशा गुप्ता, ऐश्वर्या राय, माधुरी दीक्षित, सोनम कपूर, रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा आदि के नाम प्रमुखता से आते हैं।

हाल की सुर्खियों में श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर इन दिनो मॉडल की दुनिया में जाने के लिए बेकरार हैं। पैसे और ग्लैमर की चकाचौंध ने इस क्षेत्र में रोजगार की बड़ी संभावनाएं पैदा की हैं।